## गुस्ताखी माफ



पास नहीं तो ना सही, भले बिके यह दूर।
ले आयेंगे दौड़ कर, जाकर वहां हजूर।
जाकर वहां हजूर, ढूंढ़ ही लेंगे ठेला।
पास बिके या दूर, फर्क ना पड़ता धेला।
कह साहिल कविराय, रोक ना यूं पायेंगे।
भले पास या दूर, दौड़ कर ले आयेंगे।

- डॉ. राजेन्द्र साहिल

RNI NO PUNBIL/2014/59416

UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS




VOL: 11 | ISSUE 109 | THURSDAY 30-04-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

# 2027 विधानसभा चुनावः क्या राजनीतिक पार्टियां नए चेहरों पर खेलेगी दांव या कटेंगी बड़े नेताओं की टिकट?

## पंजाब की सियासत में हलचल तेज, सभी पार्टियां का उम्मीदवारों को लेकर मंथन

राज

लुधियाना/यूटर्न/29 अप्रैल। 2027 के विधानसभा चुनावों में अभी समय जरूर बाकी है, लेकिन पंजाब की राजनीति में हलचल अभी से तेज हो चुकी है। सभी राजनीतिक दलों ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। कई पार्टियों ने नए हल्का इंचार्ज नियुक्त कर दिए हैं, जो जमीनी स्तर पर मीटिंग्स और रणनीति बनाने में जुट गए हैं। हालांकि अब तक यह साफ नहीं हो पाया है कि पार्टियां पुराने उम्मीदवारों पर भरोसा जताएंगी या नए चेहरों को मौका देंगी। लेकिन संकेत साफ हैं कि इस बार कई सीटों पर टिकटों में बदलाव देखने को मिल सकता है। अगर यह बदलाव आता है तो कई बड़े नेताओं की छुट्टी हो सकती है।




### भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)

बीजेपी ने 2022 में पहली बार अकेले चुनाव लड़ा था और कई नए चेहरों को मौका दिया था। अब 2027 के लिए पार्टी पूरी ताकत से तैयारी में है। हाल के समय में केंद्रीय राज्यमंत्री रवनीत सिंह बिट्टू और एच.एस. फूलका जैसे बड़े नाम पार्टी में शामिल हुए हैं। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि बीजेपी नए और पुराने चेहरों में किस तरह संतुलन बनाती है।

### शिरोमणि अकाली दल (शिअद)

सुखबीर सिंह बादल की प्रधानगी में अकाली दल भी बड़े बदलाव के मूड में नजर आ रहा है। 2022 की हार के बाद पार्टी ने कई नए हल्का इंचार्ज नियुक्त किए हैं, जिससे संकेत मिलता है कि इस बार नए चेहरों को मौका दिया जा सकता है। पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व सीएम स्वर्गीय परकाश सिंह बादल समेत कई बड़े नाम पिछली बार हार का सामना कर चुके हैं, जिससे रणनीति में बदलाव लगभग तय है।

### आम आदमी पार्टी (आप)

पंजाब के सीएम और आप लीडर भगवंत मान के हालिया बयानों से यह साफ झलकता है कि पार्टी लीडरों को परफॉर्मेंस के आधार पर टिकट दे सकती है। उन्होंने संकेत दिया है कि जो नेता काम नहीं कर रहे, उनकी टिकट काटी जा सकती है। ऐसे में कुछ मौजूदा विधायकों की सीट खतरे में पड़ सकती है। वहीं कुंवर विजय प्रताप सिंह जैसे नेताओं की लगातार बयानबाजी भी उनके भविष्य पर सवाल खड़े करती है। 2022 में आप ने बड़ी संख्या में नए चेहरों को उतारा था और 2027 में भी यह ट्रेंड जारी रह सकता है।

### कांग्रेस

पंजाब कांग्रेस प्रधान और लुधियाना से सांसद अमरिंदर सिंह राजा वडिंग लगातार युवा चेहरों को आगे लाने की बात कर रहे हैं। हालांकि यह अभी स्पष्ट नहीं है कि कितने पुराने नेताओं की टिकट कटेगी, लेकिन यह तय माना जा रहा है कि पार्टी इस बार युवाओं और नए चेहरों पर बड़ा दांव खेल सकती है।

### नई पार्टियां और समीकरण

इस बार चुनाव को और दिलचस्प बना रही है सांसद अमृतपाल सिंह खालसा के नेतृत्व वाली अकाली दल पुनर सुरजीत है। पार्टी ने उन्हें मुख्यमंत्री चेहरा घोषित किया है। साथ ही मनप्रीत सिंह अयाली जैसे नेताओं के भी इस मोर्चे से चुनाव लड़ने की चर्चाएं हैं।

**निष्कर्ष :** 2027 के विधानसभा चुनाव में नए चेहरे बनाम पुराने नेता सबसे बड़ा मुद्दा बन सकता है। टिकट कटने की आशंका, बगावत और नए चेहरों की एंट्री, ये सभी फैक्टर चुनाव को बेहद रोमांचक बनाएंगे। अब देखना होगा कि जनता नए चेहरों पर भरोसा जताती है या अनुभवी नेताओं को फिर मौका देती है।

# स्कूल में मधुमक्खियों का हमला, ग्राउंड में खेल रहे 40 बच्चों को डंक मारे; पेरेंट्स का हंगामा


मोहाली/यूटर्न/29 अप्रैल। मोहाली के एक प्राइवेट स्कूल में ग्राउंड में खेल रहे बच्चों पर मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। इस दौरान करीब 40 बच्चे घायल हो गए। स्कूल मैनेजमेंट ने बच्चों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के बाद कुछ को घर भेजा गया। जबकि, कुछ को 1 घंटा ऑब्जर्वेशन में रखने के बाद छुट्टी दी गई। सूचना मिलते ही कुछ पेरेंट्स भी स्कूल और अस्पताल पहुंच गए थे। उन्होंने मौके पर जमकर हंगामा किया और स्कूल मैनेजमेंट पर लापरवाही के आरोप लगाए। उनका कहना है कि फीस के लिए स्कूल मैनेजमेंट



सूचना तुरंत देता है, लेकिन घटना के बाद उन्हें सूचना तक नहीं दी गई। हमसे मामले की जानकारी छिपाई गई।

**ग्राउंड में खेलते हुए हमला...** फेज-7 स्थित प्रावइटे स्कूल के बच्चे ग्राउंड में खेल रहे थे। तभी अचानक वहां मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। मक्खियों ने करीब 40 बच्चों को डंक मारे, जिससे वे घायल हो गए। बच्चों को तुरंत इलाज के लिए सरकारी अस्पताल ले जाया गया। जैसे ही इस घटना की जानकारी परिजन को मिली तो वे भी अस्पताल पहुंच गए, जहां स्कूल मैनेजमेंट के खिलाफ उनका गुस्सा फूटा। परिजन का कहना था कि उन्हें स्कूल की तरफ से कोई फोन नहीं किया गया। उन्हें तो किसी जानकार से पता चला कि उनके बच्चों को मधुमक्खियों ने काट लिया है और उन्हें सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# पंजाब हरियाणा बार काउन्सिल चुनाव : वकीलों की गुटबाजी ने छीनी पहचान – बार काउंसिल चुनाव में लुधियाना का सफाया




शैफाली

लुधियाना/यूटर्न/29 अप्रैल। पंजाब और हरियाणा बार काउंसिल के हुए चुनाव के नतीजे सामने आने के बाद लुधियाना के वकील भाइचारे में गहरी निराशा गूंज रही है। हाल ही में हुए चुनावों में कुल 25 सीटें दांव पर थीं। जिनमें 7 महिलाओं के लिए आरक्षित थीं और 18 सामान्य वर्ग के लिए थीं। लेकिन सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि लुधियाना जिला बार एसोसिएशन का एक भी मेंबर वकील इस चुनाव में अपनी जगह नहीं बना पाया। यह वही लुधियाना है, जहां करीब 6500 वकीलों की मजबूत संख्या है। इतनी बड़ी ताकत के बावजूद कम से कम दो प्रतिनिधि भेजना कोई मुश्किल काम नहीं था। लेकिन नतीजे ने साफ कर दिया कि संख्या और क्षमता होने के बावजूद, लुधियाना बार अपने ही अंदरूनी मतभेदों का शिकार हो गया। जल्द लुधियाना बार एसोसिएशन के चुनाव भी होने जा रहे हैं। अब देखना होगा कि क्या लुधियाना में भी आपसी मतभेद देखने को मिलेगें या नहीं।

### सबसे बड़ा सवाल, आखिर चूक कहां हुई ?

विशेषज्ञों की मानें तो यह सिर्फ एक चुनावी हार नहीं, बल्कि सामूहिक एकता की असफलता भी है। वकीलों को समाज का सबसे जागरूक और बुद्धिमान वर्ग माना जाता है, लेकिन यहां तस्वीर उलट दिखाई दी। आपसी खींचतान, छोटे-छोटे स्वार्थ और गुटबाजी ने लुधियाना को पूरी तरह हाशिए पर ला खड़ा किया। एक समय था जब लुधियाना बार की पहचान और पकड़ मजबूत मानी जाती थी, लेकिन आज वही शहर बिना किसी प्रतिनिधित्व के खड़ा है। यह सिर्फ एक हार नहीं, बल्कि उस विश्वास का टूटना है जो इस पेशे की ताकत पर टिका हुआ था।

### आत्ममंथन की जरुरत

जब हम सीनियर एडवोकेट हरीश राय ढांडा जैसी उदाहरणों को देखते हैं, जो इसी बार काउंसिल से उठकर बड़े राजनीतिक पदों तक पहुंचे, तो यह सवाल और भी गहरा हो जाता है कि जब इस पेशे में इतनी ताकत है, तो एकजुटता क्यों नहीं? यह घटना एक स्पष्ट संदेश देती है। अगर वकील समुदाय खुद एकजुट नहीं होगा, तो उसका प्रभाव और प्रतिनिधित्व दोनों कमजोर पड़ते जाएंगे। अब वक्त है आत्ममंथन का।

### जिम्मेदारी कौन लेगा ?

इस हार को तो सभी देख रहे हैं, लेकिन इसकी जिम्मेदारी आखिर कौन लेगा, यह नहीं पता। क्या लुधियाना बार अपने इस अनुभव से सीखेगा। सबसे अहम सवाल यह है कि क्या भविष्य में यह गलती दोहराई जाएगी या नहीं? यह सिर्फ हैरानी की बात नहीं, बल्कि गंभीर मंथन का विषय है। जिसके चलते लुधियाना बार एसोसिएशन को इस पर गौर करने की जरुरत है। एक्सपर्ट की मानें तो उनका कहना है कि बेशक आपसी मतभेद जितने मर्जी हो, लेकिन लुधियाना वकील भाइचारे को इस चुनाव में एकजुट होकर चलना चाहिए था। अब उनके आपसी मतभेद भी उजागर हो रहे हैं।

# पश्चिम बंगाल में दूसरे चरण में अब तक लगभग 90 प्रतिशत मतदान दर्ज

चंडीगढ़/यूटर्न/29 अप्रैल। ईसीआई के आंकड़ों के अनुसार, बुधवार शाम 5 बजे तक बंगाल में 89.99 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। इस बीच, ममता बनर्जी ने कहा कि उन्होंने इस तरह का लोकतंत्र पहले कभी नहीं देखा, क्योंकि उन्होंने कहा कि किसी भी बूथ पर राज्य पुलिस को अनुमति नहीं दी गई थी और सीआरपीएफ ने सब कुछ अपने कब्जे में ले लिया है। खबरों के मुताबिक, आज सुबह विधानसभा चुनावों के अंतिम चरण के लिए मतदान शुरू होने के कुछ ही समय बाद पश्चिम बंगाल के कुछ हिस्सों में हिंसा और तोड़फोड़ की घटनाएं हुईं। हुगली में ईवीएम में गड़बड़ी और मतदान में देरी या रुकावट के आरोप लगाए गए, और बाली में इसी तरह के आरोपों पर झड़प होने के बाद सीआरपीएफ कर्मियों ने कथित तौर पर दो लोगों को हिरासत में ले लिया। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने चुनावों के लिए पश्चिम बंगाल में तैनात केंद्रीय बलों पर बड़े आरोप लगाए और कहा कि वे बीजेपी के निर्देशों के अनुसार? काम कर रहे हैं। मीडिया को एक क्लिप दिखाते हुए, बनर्जी ने दावा किया कि एक तृणमूल कार्यकर्ता की पिटाई की गई और सवाल उठाया कि क्या मतदान इसी तरह होना चाहिए।



### ईवीएम से छेड़छाड़ के आरोप

जब सोमवार सुबह उम्मीदवार अपने घरों से बाहर निकले और मतदान में हिस्सा लिया, तो उनमें से कुछ ने ईवीएम में गड़बड़ी की शिकायत की। सोनारपुर दक्षिण और पानीहाटी में बीजेपी उम्मीदवारों ने कहा कि बूथों पर ईवीएम के बटनों या मशीन में कुछ दिक्कतें थीं। बाद में, बीजेपी नेता अमित मालवीय ने एक क्लिप शेयर करते हुए आरोप लगाया कि बीजेपी को वोट देने वाले बटन को टेप से ढकने की कोशिश की गई थी।

### आरजी कर पीड़िता की माँ ने हमले का आरोप लगाया

आरजी कर रेप-मर्डर केस की पीड़िता की माँ को Panihati से बीजेपी उम्मीदवार बनाया गया है। बुधवार को उन्होंने आरोप लगाया कि तरिनामूल कार्यकर्ताओं ने उन पर हमला किया। उन्होंने कहा, ₹आज दिन में TMC कार्यकर्ताओं ने मुझे बुरी तरह निशाना बनाया। उन्होंने गुंडे भेजे, जिन्होंने 'वापस जाओ' के नारे लगाते हुए मुझ पर हमला किया।

### ममता बनर्जी भी चुनाव मैदान में

ममता बनर्जी उन 1,448 उम्मीदवारों में से एक हैं जो 142 निर्वाचन क्षेत्रों में चुनाव लड़ रहे हैं, जहां आज अंतिम चरण का मतदान हो रहा है। भवानीपुर सीट पर उनका मुकाबला बीजेपी के शुभेंदु अधिकारी से है। 2021 में हुए पिछले चुनावों में 77 सीटें जीतने के बाद, बीजेपी इस बार सत्ता हासिल करने की उम्मीद कर रही है।

### क्या कुछ बूथों पर मतदान में देरी हुई?

बंगाल के हावड़ा और बारानागर के कुछ बूथों पर अफरा-तफरी मच गई, क्योंकि मतदाताओं ने आरोप लगाया कि मतदान प्रक्रिया बहुत देर से शुरू हुई। मतदान शुरू होने का निर्धारित समय आज सुबह 7 बजे था। गुस्से में आए वोटरों ने आरोप लगाया कि ईवीएम में तकनीकी खराबी के कारण वोट डालने की कोशिशें 'नाकाम' रहीं।

### तरिनामूल सांसद की पीएम को चुनौती

जैसे ही वोटिंग शुरू हुई, तरिनामूल सांसद Derek O'Brien ने पीएम मोदी को चुनौती देते हुए पूछा कि अगर Bengal में ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली पार्टी दोबारा सत्ता में आती है, तो क्या उनमें इस्तीफा देने की 'हिम्मत' होगी?

### ममता बनर्जी के केंद्रीय बलों पर आरोप

ममता बनर्जी, जो अंतिम चरण में भभानीपुर सीट से चुनाव लड़ रही हैं, आज सुबह अपने चुनाव क्षेत्र में गई और केंद्रीय बलों पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने केंद्रीय बलों और चुनाव पर्यवेक्षकों पर बीजेपी के इशारे पर काम करने का आरोप लगाया और दावा किया कि अलग-अलग ज़िलों में ळटउ कार्यकर्ताओं और नेताओं को चुन-चुनकर निशाना बनाया जा रहा है।

## BIS–CICU मीट: टरटए सेक्टर को मिला क्वालिटी सर्टिफिकेशन और ग्लोबल ग्रोथ का रोडमैप



लुधियाना/यूटर्न/29 अप्रैल। एमएसएमई सेक्टर को मजबूत करने और गुणवत्ता मानकों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बीआईएस (भारतीय मानक ब्यूरो) चंडीगढ़ शाखा और सीआईसीयू के संयुक्त तत्वावधान में 29 अप्रैल 2026 को एक अहम स्टेकहोल्डर मीट आयोजित की गई। इस बिजनेस मीटिंग में विभिन्न उद्योगों से जुड़े उद्यमियों और प्रतिनिधियों ने भाग लिया, जो गुणवत्ता प्रमाणन और मानकीकरण को लेकर बढ़ती जागरूकता को दर्शाता है। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि पंकज कुमार झा, डिप्टी डायरेक्टर, एमएसएमई लुधियाना ने किया। उन्होंने कहा कि बीआईएस सर्टिफिकेशन से उत्पादों की विश्वसनीयता बढ़ती है और कंपनियों को घरेलू व अंतरराष्ट्रीय बाजारों में प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त मिलती है। बीआईएस के ज्वाइंट डायरेक्टर अभिषेक कुमार ने विस्तृत प्रस्तुति के जरिए सर्टिफिकेशन प्रक्रिया, फीस स्ट्रक्चर और टेस्टिंग सिस्टम की जानकारी दी। वहीं डिप्टी डायरेक्टर हर्ष सोनकर ने इंटरएक्टिव सत्र में उद्योगों की शंकाओं का समाधान किया और प्रक्रियाओं को सरल तरीके से समझाया। सीआईसीयू के डॉ. एस.बी. सिंह ने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धी माहौल में गुणवत्ता मानकों को अपनाना व्यवसाय की जरूरत बन चुका है। यह बैठक उद्योगों के लिए नई संभावनाएं और बेहतर व्यापारिक अवसरों का मार्ग प्रशस्त करने वाली साबित हुई।

## वार्ड-14 में भाजपा को मिला जोरदार समर्थन, सैकड़ों लोगों ने थामा पार्टी का दामन

### पूर्व पार्षद हरजीत सिंह मिंटा की मौजूदगी में कार्यक्रम; नेताओं का दावा-चुनाव से पहले तेजी से बढ़ रहा जनाधार



जीरकपुर/यूटर्न/29 अप्रैल। वार्ड नंबर 14 में बुधवार को आयोजित एक बड़े राजनीतिक कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी को जबरदस्त समर्थन मिला। विभिन्न राजनीतिक दलों से जुड़े सैकड़ों लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर संगठन को मजबूती दी। इस मौके पर क्षेत्र के पूर्व पार्षद हरजीत सिंह मिंटा विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान नव-शामिल कार्यकर्ताओं का स्वागत करते हुए नेताओं ने उन्हें पार्टी की नीतियों और विचारधारा से अवगत कराया। हरजीत सिंह मिंटा ने कहा कि भाजपा की जनहितकारी नीतियों और विकास कार्यों से प्रभावित होकर बड़ी संख्या में लोग पार्टी से जुड़ रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि नगर परिषद चुनाव से पहले पार्टी का जनाधार तेजी से बढ़ रहा है, जिसका असर आगामी चुनाव परिणामों में देखने को मिलेगा। कार्यक्रम का आयोजन नायब सिंह सैनी, डेराबस्सी विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता गुरु दर्शन सिंह सैनी और जिला मोहाली के नेता संजीव वशिष्ट के मार्गदर्शन में किया गया। नेताओं ने कहा कि भाजपा के मजबूत नेतृत्व और नीतियों के चलते अन्य दलों के कार्यकर्ता भी पार्टी में विश्वास जता रहे हैं। मिंटा ने यह भी दावा किया कि आने वाले समय में शिरोमणि अकाली दल, कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के कई नेता और कार्यकर्ता भाजपा में शामिल होंगे, जिससे पार्टी और अधिक मजबूत होगी। कार्यक्रम के अंत में सभी नए सदस्यों ने पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने और संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया।

# मोबाइल असेंसरी कारोबारी व परिवार को गैंगस्टर की धमकी, हर महीने एक लाख फिरौती की रखी डिमांड

लुधियाना/यूटर्न/29 अप्रैल। दुगरी में किंग मोबाइल नाम से कवर और असेंसरी का शोरुम चला रहे व्यापारी को गैंगस्टर की धमकी भरी कॉल आई है। जबकि उसकी बहन को भी कॉल आई है। जिसमें हर महीने एक लाख रुपए न देने पर सिर में गोली मारने की धमकी दी गई है। व्यापारी का रोते हुए एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। व्यापारी गैंगस्टर के थ्रेट कॉल का जिक्र कर परेशान दिखता है। वो वीडियो में कहता है- मेरे सिर में गोली मार दो पर मेरे परिवार को कुछ मत कहना। दरअसल, व्यापारी कवर किंग मोबाइल शॉप के मालिक सुनील धीर हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर लाइव आकर अपना दर्द बयां किया है। सुनील धीर का कहना है कि उनको और उनकी बहन को लगातार धमकी भरी कॉल आ रही है। कॉल



कर कहा जा रहा है कि अगर एक लाख रुपए हर महीने नहीं दिए तो भाई और तेरे सिर में गोली मारेंगे। यही नहीं व्यापारी को वाट्सएप व सोशल मीडिया पर उसकी पत्नी व परिवार के लोगों के फोटो लगाकर बैकग्राउंड में अश्लील गाने चलाए जा रहे हैं। उसका कहना है कि उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस एक्शन में आ गई। एसीपी सिविल लाइन सरबजीत सिंह चीमा ने कहा कि मामले की शिकायत मिली है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

**कुछ समय पहले खोला नया शोरुम...** सुनील धीर ने कहा कि उसने दुगरी में नई दुकान खोली है। बहन और मुझे थ्रेट कॉल आई है। मेरी बहन विडो है। उसे कहा कि मुझे एक लाख रुपए महीना दे दो। बहन ने विरोध किया तो उसने कहा कि तुझे तब पता चलेगा कि जब तेरे भाई के मत्थे पर गोली मारेंगे। ऐसे धमकी मिलती रही तो यहां काम करना मुश्किल है। व्यारी सुनील धीर ने रोते हुए कहा कि मुझे काम तो करने दो। मैंने किसी का क्या गलत किया है? मैं प्रशासन से बिल्कुल परेशान नहीं हूं। मैं किसी सरकार से परेशान नहीं हूं।

लुधियाना
यूटर्न टाइम
The Good, Bad and Ugly of India
03 गुरूवार, 30 अप्रैल 2026



पेज 06 टैक्सेशन मुद्दों पर सीजीएसटी प्रिंसिपल कमिश्नर से मिले ...

## म्यूनिसिपल कर्मचारी दल द्वारा सीवरेज का काम ठेके पर देने के खिलाफ निगम कमिश्नर को दिया मांग पत्र



लुधियाना/यूटर्न/29 अप्रैल। म्यूनिसिपल कर्मचारी दल के एक प्रतिनिधिमंडल द्वारा सोमवार प्रधान चौधरी यशपाल की अगुवाई में नगर निगम कमिश्नर नीरू कत्याल से मुलाकात की। इस दौरान कर्मचारियों की समस्याओं संबंधी एक मांग पत्र भी दिया गया। इससे पहले मुलाजिमों द्वारा निगम जोन-डी के बाहर धरना प्रदर्शन किया गया। इस मौके पर जानकारी देते हुए चौधरी यशपाल ने बताया कि नगर निगम लुधियाना द्वारा एफ एंड सीसी मीटिंग में 26 वार्डों में सीवरेज का काम ठेके पर देने का प्रस्ताव पास हुआ है, उसे तुरंत रद्द किया जाए क्योंकि मुख्यमंत्री भगवंत मान द्वारा विधानसभा चुनावों से पहले वादा किया गया था कि प्रदेश में ठेकेदारी प्रथा का अंत किया जाएगा। इसके अलावा नगर निगम में आउटसोर्स पर काम कर रहे डाटा ऑपरेटरों व जो कर्मचारी पक्के हुए हैं, उनकी वेतन दी जाए और निगम द्वारा कूड़े के कंपैक्टरों के साथ ओपन कूड़े के कलेक्शन पॉइंट बनाए जाएं और पक्के कर्मचारियों की मृत्यु के बाद उनके वारिसों को तुरंत नौकरियां दी जाए। इस मौके पर देव राज असुर, द्रविड़, जतिंदर घावरी, संजीव बेगड़ा, शिव कुमार पुहाल, दविंदर काका, बंटी गिल, टिंकू बेंस, सरबजीत गिल, विकी बालू, डा. अरुण सिद्धू, सुनील हंस, सुक्खा बालू, अभिषेक कल्याण, बब्लू खान, रितेश कुमार, सुरेश शैली, साहिल डामाणा, शंभू सहोता, अतुल संगर, आकाश बब्लू, आदित्य बग्गन, सोहनवीर रनिया, मिंकल बिरला आदि हाजिर थे।

## ह्यूमन राइट्स काउंसिल के सदस्यों ने की बैठक



लुधियाना/यूटर्न/29 अप्रैल। ह्यूमन राइट्स काउंसिल की एक बैठक दुगरी रोड स्थित कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक के दौरान हाल ही में डिप्टी कमिश्नर, लुधियाना को दिए गए मांग-पत्र पर विस्तार से चर्चा की गई। इस मांग-पत्र में कॉलोनियों में चल रही अवैध बसों, सरकारी दफ्तरों के शौचालयों की खराब सफाई, सरकारी संस्थानों में प्राइवेट कर्मचारियों के जरिए हो रही लूट-खसोट और प्राइवेट स्कूलों द्वारा बच्चों की फीस के नाम पर की जा रही अतिरिक्त वसूली जैसे गंभीर मुद्दों को उठाया गया। इसके अलावा, मिली शिकायतों के आधार पर लुधियाना टीम ने दुगरी रोड के दो पेट्रोल पंपों की जांच की। जांच के दौरान बाथरूम बंद पाए गए और साफ-सफाई की कमी भी सामने आई।

## ईएसजी मेड सिंपल और सीएसआर मेड सिंपल का लोकार्पण - लखमिंदर कौर




लुधियाना/यूटर्न/29 अप्रैल। लुधियाना में उद्योग और सिविल सोसाइटी के बीच मजबूत सेतु बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत लखमिंदर कौर द्वारा लिखित दो पुस्तकों ईएसजी मेड सिंपल और सीएसआर मेड सिंपल का भव्य लोकार्पण किया गया। सस्टेनेबिलिटी, सोशल ऑडिटिंग और सीएसआर सलाहकार के क्षेत्र में एक प्रमुख नाम के रूप में जानी जाने वाली लखमिंदर कौर ने इन जटिल विषयों को सरल और व्यवहारिक रूप में प्रस्तुत किया है।इन पुस्तकों का संयुक्त रूप से लोकार्पण डीसी हिमांशु जैन, तथा एवन साइकिल एमडी ओंकार सिंह पाहवा ने किया। अपने संबोधन में उन्होंने ईएसजी और सीएसआर के संरचित दृष्टिकोण की बढ़ती आवश्यकता पर बल देते हुए इस सराहनीय प्रयास की प्रशंसा की। इस अवसर पर रॉल्सन साइकिल्स से संजीव पाहवा भी उपस्थित रहे, जिन्होंने विशेष रूप से एमएसएमईस के लिए इस प्रकार की व्यावहारिक मार्गदर्शिका की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। यूसीपीएमए अध्यक्ष हरसिमरजीत सिंह लक्की ने कहा कि ये पुस्तकें उद्योगों को जिम्मेदार प्रथाओं को सहज रूप से अपनाने हेतु एक तैयार ढांचा प्रदान करेंगी।

## रायपुर मंडला में खुलेगा पेशेंट हेल्थ केयर सेंटर और वृद्धाश्रम



पटियाला/रायपुर मंडला/यूटर्न/29 अप्रैल। मानवता और सेवा की प्रतिमूर्ति अपना घर आश्रम संस्थान, भरतपुर (राजस्थान) के वरिष्ठ पदाधिकारियों की एक उच्च स्तरीय टीम ने हाल ही में गांव रायपुर मंडला स्थित जनहित समिति भवन का दौरा किया। केवल कृष्ण कटारिया (फरीदकोट) और विमल (अम्बाला) के कुशल नेतृत्व में आई इस टीम का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में बेसहारा, अनाथ और मानसिक रूप से गंभीर बीमार व्यक्तियों के लिए सेवा प्रकल्पों की संभावनाओं को तलाशना था। संस्थान की टीम का रायपुर मंडला पहुँचने पर जनहित समिति (पंजीकृत) पटियाला के पदाधिकारियों द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस अवसर पर जनहित समिति के प्रधान एस.के. गौतम के कुशल मार्गदर्शन में जनरल सेक्रेटरी विनोद कुमार शर्मा, अनिल कुमार भारती, संस्थापक सदस्य, मैनेजर सतीश चंद्र जोशी और सेवा निवृत्त एस.डी.ओ. रणजीत सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। स्वागत के पश्चात समिति के पदाधिकारियों ने जनहित समिति भवन, रायपुर मंडला में प्रस्तावित 'जनहित पेशेंट हेल्थ केयर सेंटर' और 'वृद्धाश्रम' की रूपरेखा प्रस्तुत की। अपना घर आश्रम की टीम ने पूरी बिल्डिंग का बारीकी से मुआइना किया।



## श्रद्धांजलि: माता इंद्रजीत कौर कोहली का अंतिम विदाई समारोह

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/29/अप्रैल। जगरांव के वरिष्ठ पत्रकार प्रताप सिंह की पूजनीय सास, माता इंद्रजीत कौर कोहली के निधन पर क्षेत्र की प्रमुख धार्मिक और राजनीतिक हस्तियों ने गहरा शोक व्यक्त किया है।



अंतिम अरदास का कार्यक्रम...माता जी की आत्मिक शांति हेतु रखे गए श्री सहज पाठ का भोग एवं अंतिम अरदास कल आयोजित की जाएगी:

दिनांक: 1 मई (शुक्रवार)

समय: दोपहर 12:00 से 1:30 बजे तक

स्थान: गुरुद्वारा भजनगढ़ साहिब, मोती बाग (गली नंबर 3), जगरांव।

शोक संवेदनाएं...पूर्व विधायक एस.आर. कलेर, भाई गुरचरण सिंह ग्रेवाल (SGPC), दीप सिंह हेरा, ऋषभ दीप सिंह हेरा सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट की हैं।

## रेप के आरोपों के बीच हुई सीआरपीएफ इंस्पेक्टर की शादी, पिता ने ब्लैकमेलिंग का लगाया आरोप

मोहाली/यूटर्न/29 अप्रैल। मोहाली की युवती की ओर से लगाए गए रेप करने के आरोपों के बीच भिवानी के उप्फ्रइंस्पेक्टर की शादी हो गई है। युवती ने मंगलवार को तोशाम थाने पहुंच कर शादी रुकवाने की गुहार लगाई थी। इस मामले में अब इंस्पेक्टर के पिता ने सामने आकर दावा किया है कि हमारे बेटे की शादी हो चुकी है।



लड़का-लड़की दोनों पक्ष ठाट में हैं। उनका आरोप है कि युवती सिर्फ पैसे ऐंठने के लिए ड्रामेबाजी कर रही है। उसके पास न कोई सबूत है और न ही कागजात, वह केवल प्रेशर बनाकर पैसे हड़पना चाह रही है। इसकी रिकॉर्डिंग भी है हमारे पास। इसलिए उन्होंने भी तोशाम थाना पुलिस को शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। वहीं, इस मामले में युवती का कहना है कि अब वह सामाजिक तौर पर अपनी लड़ाई लड़ेगी। उसके पास वॉट्सएप चैट, फोटो, वीडियो सब हैं, जल्द ही इन्हें वह सार्वजनिक करेगी। इससे साबित होगा कि सीआरपीएफ इंस्पेक्टर ने उसके साथ संबंध बनाए हैं। उसने इखढ सांसद पर इस मामले में इंटरफेयर करने का भी आरोप लगाया है। उधर, तोशाम पुलिस ने इस मामले में जीरो एफआईआर दर्ज करने की कार्रवाई शुरू कर दी है। एसपी सुमित कुमार ने इसकी पुष्टि की है।

## बाउंसरों और फतेह गैंग में झड़प से दहशत, एक युवक घायल, बीच सड़क एक्टिवा को लगाई आग

जालंधर/यूटर्न/29 अप्रैल। जालंधर के चिकचिक चौक के पास मामूली सी बात ने लड़ाई का रूप ले लिया। एक कार और एक्टिवा की टक्कर के बाद शुरू हुआ विवाद इतना बढ़ गया कि हमलावरों ने बीच सड़क पर एक्टिवा को आग के हवाले कर दिया।



इस घटना में बाउंसरों और फतेह गैंग से जुड़े सदस्यों के बीच हिंसक झड़प की खबर है। हमले में एक युवक गंभीर रूप से घायल हुआ है, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दिनदहाड़े हुई इस आगजनी और मारपीट से इलाके में दहशत का माहौल है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, गाड़ी में बाउंसर सवार थे। टक्कर होने के तुरंत बाद दोनों पक्षों में तीखी बहस शुरू हो गई। बात इतनी बढ़ी कि गाड़ी सवारों ने एक्टिवा सवार युवक की बेरहमी से पिटाई कर दी। विवाद के दौरान ही मौके पर कथित तौर पर फतेह गैंग से जुड़े सदस्य पहुंच गए। इसके बाद मामला और भी ज्यादा गरमा गया। दोनों गुटों के बीच जमकर हंगामा हुआ और देखते ही देखते सड़क जंग का मैदान बन गई। इसी गहमागहमी के बीच हमलावरों ने एक्टिवा को आग लगा दी। आग इतनी भयानक थी कि देखते ही देखते एक्टिवा जलकर राख के ढेर में तब्दील हो गई।

## मुंबई पहुंचा माता-पिता की डांट से आहत होकर 14 वर्षीय किशोर, पुलिस के ऑपरेशन मुस्कान ने 4 दिन के अंदर फिर मिलाया परिवार से

### दोस्ती भरा रिश्ता ही बचाएगा बच्चों को गलत रास्तों से, डीसीपी की अभिभावकों को सलाह: बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य पर दें खास ध्यान




पंचकूला/यूटर्न/29 अप्रैल। पंचकूला पुलिस ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत एक बार फिर सराहनीय सफलता हासिल करते हुए एक नाबालिग किशोर को सुरक्षित उसके परिजनों से मिलाया गया। जानकारी के अनुसार, 25 अप्रैल को सैक्टर-16 चौकी क्षेत्र से एक 14 वर्षीय किशोर अपने माता-पिता की डांट से आहत होकर बिना बताए घर से चला गया था। परिजनों ने अपने स्तर पर काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग सका। इसके बाद 26 अप्रैल को परिजनों द्वारा घटना की सूचना पुलिस चौकी में दी गई, जिस पर सैक्टर-14 थाना में गुमशुदगी का मामला दर्ज कर तुरंत तलाश अभियान शुरू किया गया।

जांच के दौरान पुलिस टीम ने तकनीकी एवं मानवीय सूचनाओं के आधार पर पता लगाया कि किशोर मुंबई पहुंच गया है। इसके बाद सैक्टर-16 चौकी इन्चार्ज भीम सिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने तत्परता और सूझबूझ का परिचय देते हुए किशोर का पता लगाकर उसे सुरक्षित बरामद कर लिया। पुलिस द्वारा आवश्यक कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद किशोर को आज उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। डीसीपी पंचकूला सृष्टि गुप्ता ने बताया कि 'ऑपरेशन मुस्कान' के तहत लापता बच्चों की खोज एवं उन्हें सुरक्षित उनके परिवारों से मिलाने का अभियान लगातार जारी है। डीसीपी ने अभिभावकों से विशेष अपील करते हुए कहा कि आज के दौर में बच्चों और माता-पिता के बीच संवाद की कमी एक बड़ी चुनौती बनती जा रही है। अभिभावकों को अपने बच्चों के साथ एक मित्रवत और बेहतर संवाद स्थापित करना चाहिए, ताकि बच्चे अपनी मन की बात या किसी भी तरह का दबाव खुलकर साझा कर सकें। उन्होंने सुझाव दिया कि माता-पिता बच्चों की गतिविधियों पर नजर रखने के साथ-साथ उनके मानसिक स्वास्थ्य और भावनाओं को समझें, ताकि बच्चे भविष्य में घर छोड़ने जैसा कोई आत्मघाती या गलत कदम न उठाएं।

## स्टिल्ट प्लस फोर नीति पर हाईकोर्ट का बड़ा फैसला, गुरुग्राम को छोड़ बाकी हरियाणा में निर्माण को मंजूरी

### लोगों को राहत, अन्य जिलों में चार मंजिल से अधिक भवन निर्माण पर नहीं रहेगा प्रतिबंध

गुरुग्राम/यूटर्न/29 अप्रैल। स्टिल्ट प्लस फोर नीति को लेकर पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने सोमवार को महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए आम लोगों को बड़ी राहत दी है। मुख्य न्यायाधीश जस्टिस शील नागू और जस्टिस संजीव बैरी की खंडपीठ ने स्पष्ट किया कि निर्माण पर रोक का आदेश केवल गुरुग्राम जिले तक ही सीमित रहेगा।





अदालत के इस फैसले के बाद हरियाणा के अन्य जिलों में स्टिल्ट प्लस फोर नीति के तहत भवन निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। यानी गुरुग्राम को छोड़कर बाकी क्षेत्रों में चार मंजिल से अधिक ऊंचाई वाले भवनों का निर्माण किया जा सकेगा। यह फैसला खास तौर पर उन लोगों के लिए राहत भरा है, जो लंबे समय से अपने प्लॉट पर मल्टी-स्टोरी निर्माण की योजना बना रहे थे लेकिन कानूनी अनिश्चितता के कारण काम रुका हुआ था। रियल एस्टेट सेक्टर को भी इससे गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। विशेषज्ञों का मानना है कि इससे शहरी विकास को बढ़ावा मिलेगा, साथ ही आवास की बढ़ती मांग को पूरा करने में मदद मिलेगी। हालांकि, गुरुग्राम में फिलहाल प्रतिबंध जारी रहेगा और वहां के मामलों पर अलग से सुनवाई जारी रहेगी।

## डेराबस्सी-गुलाबगढ़ रोड पर धड़ल्ले से जल रही पराली, बढ़ा प्रदूषण

डेराबस्सी/यूटर्न/29 अप्रैल। डेराबस्सी से गुलाबगढ़ जाने वाली मुख्य सड़क पर किसानों द्वारा गेहूं की पराली (नाड़) को खुलेआम आग लगाने का मामला सामने आया है। इससे इलाके में प्रदूषण का स्तर तेजी से बढ़ रहा है। खेतों से उठता जहरीला धुआं न केवल पर्यावरण को नुकसान पहुंचा रहा है, बल्कि राहगीरों और आसपास के निवासियों के लिए भी बड़ी समस्या बन गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि धुएं के कारण उन्हें सांस लेने में दिक्कत, आंखों में



जलन और घुटन जैसी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क किनारे जल रही पराली का धुआं सड़क पर फैल जाता है, जिससे वाहन चालकों को सामने से आने वाले वाहन स्पष्ट दिखाई नहीं देते। ऐसे हालात में किसी भी समय बड़ा सड़क हादसा हो सकता है। सरकार द्वारा पराली जलाने पर सख्त पाबंदी के बावजूद गुलाबगढ़ रोड पर नियमों की खुलेआम अनदेखी की जा रही है। लोगों का आरोप है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद प्रशासनिक अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचते और न ही कोई ठोस कार्रवाई की जा रही है। निवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि केवल कागजी आदेश जारी करने के बजाय जमीन पर सख्ती से अमल कराया जाए।

चंडीगढ़

यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

05 गुरूवार, 30 अप्रैल 2026



पेज 12 पिंजौर के दो मंदिरों में चोरी करने वाले दो शातिर चोर...

# ऑस्ट्रेलिया से 11 पंजाबी समेत 15 लोग डिपोर्ट

## राष्ट्रपति से मिलेंगे सीएम मान; भाखड़ा से छोड़ा जाएगा 21 हजार क्यूसेक पानी

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/29 अप्रैल। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने मंगलवार को कई अहम मुद्दों पर बड़ा खुलासा करते हुए बताया कि ऑस्ट्रेलिया से 15 भारतीयों को डिपोर्ट किया जा रहा है, जिनमें 11 पंजाबी शामिल हैं। इन लोगों में एक महिला भी शामिल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने इन सभी पर वहां के कानूनों के उल्लंघन के आरोप लगाए हैं, जिसके चलते उन्हें भारत वापस भेजा जा रहा है। चंडीगढ़ में पत्रकारों से बातचीत के दौरान सीएम मान ने बताया कि डिपोर्ट किए जा रहे लोगों में 11 पंजाब, 2 तेलंगाना, 1 उत्तराखंड और 1 हरियाणा से है। उन्होंने कहा कि यह मामला गंभीर है और सरकार इस पर नजर बनाए हुए है।

मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि वह 5 मई को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात करेंगे।




इस मुलाकात में आम आदमी पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल हुए सात राज्यसभा सांसदों के मुद्दे को प्रमुखता से उठाया जाएगा। उन्होंने संकेत दिए कि इस राजनीतिक घटनाक्रम पर संवैधानिक स्तर पर चर्चा की जाएगी।

किसानों के लिए राहत की खबर देते हुए सीएम मान ने कहा कि मंगलवार शाम को भाखड़ा बांध से 21 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा जाएगा। इससे 1 से 3 मई के बीच पंजाब के विभिन्न जिलों की नहरों में सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी पहुंच जाएगा। उन्होंने कहा कि इससे खेती-किसानी को बड़ा लाभ मिलेगा और गर्मी के मौसम में किसानों की चिंता कम होगी। जालंधर में आम आदमी पार्टी की बैठक को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह कोई राजनीतिक शक्ति प्रदर्शन नहीं, बल्कि केवल पार्टी के पर्यवेक्षकों की नियमित बैठक है। वहीं, हाल ही में रेलवे ट्रैक पर हुए ब्लास्ट के मामले में सीएम मान ने कहा कि पंजाब पुलिस की विशेष टीम केंद्रीय एजेंसियों के साथ लगातार संपर्क में है। मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और दोषियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। सीएम मान के इस बयान ने एक ओर जहां विदेशों में बसे पंजाबियों के मुद्दे को फिर चर्चा में ला दिया है, वहीं राज्य की राजनीति, सिंचाई व्यवस्था और सुरक्षा को लेकर भी कई महत्वपूर्ण संकेत दिए हैं।

# पंचकूला नगर निगम चुनाव 2026: 550 ईवीएम की पहली रैंडमाइजेशन पूरी, 20 वार्डों में 204 मतदान केंद्र तैयार







पंचकूला/यूटर्न/29 अप्रैल। नगर निगम चुनाव 2026 को लेकर पंचकूला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। मंगलवार को मिनी सचिवालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (EVM) की पहली रैंडमाइजेशन प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी की गई। इस दौरान कुल 550 ईवीएम, जिनमें रिजर्व मशीनें भी शामिल हैं, का चयन किया गया। यह प्रक्रिया राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त वरिष्ठ आईएएस अधिकारी एवं जनरल ऑब्जर्वर डी. सुरेश की मौजूदगी में संपन्न हुई। कार्यक्रम में उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सतपाल शर्मा, रिटर्निंग ऑफिसर संयम गर्ग और चुनाव लड़ रहे प्रत्याशी भी उपस्थित रहे।

जिला निर्वाचन अधिकारी सतपाल शर्मा ने बताया कि रैंडमाइजेशन एक पारदर्शी प्रक्रिया है, जिससे चुनाव प्रक्रिया पर सभी प्रत्याशियों का विश्वास बना रहता है। उन्होंने कहा कि नगर निगम चुनाव 2026 के लिए 20 वार्डों में कुल 204 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। हर मतदान केंद्र पर दो वोटिंग मशीनें लगाई जाएंगी—एक मेयर पद के लिए और दूसरी पार्षद पद के लिए। इससे मतदाता दोनों पदों के लिए अलग-अलग मतदान कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि ईवीएम की फर्स्ट लेवल चेकिंग (FLC) समय-समय पर की जाती है ताकि सभी मशीनें पूरी तरह कार्यशील रहें।

# स्वास्थ्य सेवाएं अब आपके द्वार पर लुधियाना में मोबाइल मेडिकल एंबुलेंस की शुरूआत

सहगल

लुधियाना, यूटर्न 29 अप्रैल। उच्च-जोखिम वाले क्षेत्रों में रहने वाले लोगों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, हंस फाउंडेशन ने लैंडमार्क ग्रुप के सहयोग से लुधियाना जिले में तीन मोबाइल मेडिकल एंबुलेंस की शुरूआत की है। इस पहल का उद्घाटन आज सिविल सर्जन लुधियाना डॉ. रमणदीप कौर द्वारा किया गया। यह कार्यक्रम एक वर्ष तक चलेगा और जरूरतमंद लोगों तक



बुनियादी स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने पर केंद्रित है। प्रत्येक मोबाइल मेडिकल एंबुलेंस में एक योग्य डॉक्टर और प्रशिक्षित पैरामेडिकल स्टाफ होगा, जो मौके पर ही जांच, बुनियादी टेस्ट और बीमारियों की प्रारंभिक पहचान की सुविधा प्रदान करेंगे। हर वैन प्रतिदिन दो स्थानों का दौरा करेगी और 15 दिनों के बाद उन्हीं क्षेत्रों को फिर से कवर किया जाएगा, जिससे लगातार स्वास्थ्य निगरानी सुनिश्चित होगी। इस अभियान का विशेष ध्यान ईंट-भट्ठों पर काम करने वाले मजदूरों, दिहाड़ी मजदूरों और स्लम क्षेत्रों में रहने वाले लोगों पर होगा, जिनके लिए स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच अभी भी कठिन है।

# अंबाला में कांग्रेस को झटका, उम्मीदवार ने नामांकन वापस लिया और बीजेपी में शामिल हुआ



चंडीगढ़/यूटर्न/29 अप्रैल। कांग्रेस को एक बड़ा झटका लगा है। अंबाला नगर निगम चुनाव के लिए वार्ड 5 से कांग्रेस के उम्मीदवार ने आज अपना नामांकन वापस ले लिया और बीजेपी में शामिल हो गया। कांग्रेस ने बीजेपी के राजेश मेहता के खिलाफ अमनप्रीत उप्पल को मैदान में उतारा था। कांग्रेस के अंबाला शहर के विधायक निर्मल सिंह पर निर्दलीय उम्मीदवार रविंदर गुप्ता का समर्थन करने के लिए दबाव डालने का आरोप लगाते हुए, उप्पल ने कहा, मैं वार्ड 5 में पार्टी के लिए कड़ी मेहनत कर रहा था और कांग्रेस के लिए एक टीम बनाई थी। मेरी कड़ी मेहनत से प्रभावित होकर, अंबाला के सांसद वरुण चौधरी और जिला अध्यक्ष पवन अग्रवाल ने मेरा समर्थन किया। पार्टी ने मुझे टिकट भी दिया। मैं उनका आभारी हूं, लेकिन अंबाला शहर के विधायक ने मुझ पर एक निर्दलीय उम्मीदवार के समर्थन में अपनी उम्मीदवारी वापस लेने के लिए दबाव डाला।

### उप्पल मेरे छोटे भाई

मेहता ने कहा, उप्पल मेरे छोटे भाई जैसा है, और कांग्रेस में उसे जिस स्थिति का सामना करना पड़ा, उसे देखकर दुख हुआ। हम वार्ड की भलाई के लिए मिलकर काम करेंगे। इन आरोपों को खारिज करते हुए, विधायक निर्मल सिंह ने कहा कि उप्पल बेबुनियाद आरोप लगा रहा है और उसने बीजेपी सरकार के दबाव में अपना नामांकन वापस लिया है।

### बीजेपी पर चुराने के आरोप लगाए

बीजेपी पर कांग्रेस के उम्मीदवार को 'चुराने' का आरोप लगाते हुए, अंबाला के कांग्रेस नेताओं ने कथित तौर पर कहा कि पहले बीजेपी 'वोट चोरी' करती थी, और अब उसने 'उम्मीदवार चोरी' करना शुरू कर दिया है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है क्योंकि पार्टी ने उप्पल पर भरोसा जताया था। वह एक अच्छा उम्मीदवार था, लेकिन बीजेपी के बहकावे में आ गया। इस मामले को राज्य के वरिष्ठ नेतृत्व के संज्ञान में लाया गया है, और उनसे सलाह लेने के बाद आगे का फैसला लिया जाएगा।

# डीएवी कॉलेज यमुनानगर के विद्यार्थियों ने थापली नेचर कैंप में तीन दिवसीय प्रवास कर प्रकृति को नजदीक से जाना



पंचकूला/यूटर्न/29 अप्रैल। डीएवी कॉलेज यमुनानगर के विद्यार्थियों ने हाल ही में थापली स्थित नेचर कैंप में तीन दिवसीय शैक्षणिक एवं प्रेरणादायक प्रवास के दौरान प्रकृति, पर्यावरण संरक्षण तथा अनुशासित जीवनशैली का गहन अनुभव प्राप्त किया। इस विशेष शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों को पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ प्रकृति के वास्तविक स्वरूप से जोड़ना, पर्यावरण के प्रति जागरूक बनाना तथा उनमें सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करना था। तीन दिनों तक चले इस नेचर कैंप में विद्यार्थियों ने प्राकृतिक परिवेश के बीच रहकर पहाड़ों, जंगलों, स्वच्छ वातावरण और जैव विविधता को निकट से देखा तथा समझा। शिविर के दौरान विद्यार्थियों ने प्रातःकालीन भ्रमण, योग, समूह चर्चा, पर्यावरण संरक्षण विषयक गतिविधियों तथा स्वच्छता अभियानों में भाग लिया। विद्यार्थियों ने पेड़-पौधों के महत्व, जल संरक्षण, वन्य जीवन तथा संतुलित पारिस्थितिकी तंत्र के बारे में भी विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

Uturn Time 30 Apr 2026_Layout 2 29-04-2026 23:36 Page 6



# टैक्सेशन मुद्दों पर सीजीएसटी प्रिंसिपल कमिश्नर से मिले डीटीबीए पदाधिकारी, सुधार को लेकर दिए सुझाव



लुधियाना/यूटर्न/29 अप्रैल। टैक्सेशन से जुड़े मुद्दों को लेकर डीटीबीए (डिस्ट्रिक टैक्सेशन बार एसोसिएशन) की एक अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक में संस्था के अध्यक्ष अरुण कंवल ने सीजीएसटी प्रिंसिपल कमिश्नर सुग्रीव मीणा के साथ हुई मीटिंग की जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि सभी सदस्यों की मौजूदगी में विभिन्न टैक्स संबंधी समस्याओं पर विस्तार से चर्चा हुई।

बैठक में खास तौर पर नेगेटिव क्रेडिट लेजर और बाइफा नियम से जुड़े मुद्दों पर चिंता जताई गई। सदस्यों ने बताया कि इस समस्या के कारण व्यापारियों को कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस पर विभागीय अधिकारियों को अवगत कराया गया और जल्द समाधान की मांग की गई। अध्यक्ष ने भरोसा दिलाया कि इन मामलों को प्राथमिकता के आधार पर उठाया गया है और जल्द ही इसका समाधान निकलने की उम्मीद है। बैठक में संस्था के वाइस प्रेसिडेंट चंदर सहगल और सेक्रेटरी अशोक वेदहरा समेत कई सदस्य शामिल रहे। सभी ने एकजुट होकर व्यापारियों के हितों की रक्षा और टैक्स प्रणाली को सरल बनाने पर जोर दिया। मीटिंग में प्रिंस विनेक ,सुतिक्षण टंडन ,जसविंदर सिंह , साकेत गर्ग ,अशोक चावला ,मनोज बजाज ,त्रिलोक भल्ला ,सुनील शर्मा सहित कई अन्य शामिल हुए।

अंत में यह निर्णय लिया गया कि यदि समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो आगे की रणनीति तैयार की जाएगी, ताकि व्यापारियों को राहत मिल सके।

## रूह से रूबरू





चारू नागपाल

### क्या हम सच में सोशल मीडिया पर विश्वास कर सकते हैं?

आज के डिजिटल युग में सोशल मीडिया हमारी ज़िंदगी का अहम हिस्सा बन चुका है। हम खबरें, जानकारी और मनोरंजन के लिए इस पर निर्भर रहते हैं। लेकिन सवाल यह उठता है कि क्या हम वास्तव में सोशल मीडिया पर पूरी तरह विश्वास कर सकते हैं? सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर जो भी सामग्री हमें दिखाई जाती है, वह अक्सर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) के एल्गोरिदम के द्वारा तय होती है। ये एल्गोरिदम हमारी पसंद, हमारी खोज और हमारी पिछली गतिविधियों के आधार पर हमें वही चीजें बार-बार दिखाते हैं, जिन्हें हम पहले देख चुके होते हैं। इससे एक ₹इको चैंबर₹ बन जाता है, जहाँ हमें केवल वही विचार और जानकारी मिलती है जो हमारी सोच से मेल खाती है। इसका असर हमारी मानसिकता पर पड़ता है। धीरे-धीरे हम उसी प्रकार की सोच अपनाने लगते हैं, जो हमें बार-बार दिखाई जाती है। इससे हमारी सोच सीमित हो सकती है और हम अन्य दृष्टिकोणों को नजरअंदाज करने लगते हैं।

इसलिए जरूरी है कि हम सोशल मीडिया का उपयोग समझदारी से करें। हर जानकारी पर आंख बंद करके विश्वास करने के बजाय उसकी सच्चाई की जांच करें और अलग-अलग स्त्रोतों से जानकारी प्राप्त करें। तभी हम एक संतुलित और सही सोच विकसित कर पाएंगे।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ

### 498A (Cruelty) क्या है और कब लागू होता है?



निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

वैवाहिक विवादों में '498A' एक जाना-पहचाना प्रावधान है, लेकिन इसके दायरे और उपयोग को लेकर कई भ्रम भी हैं।

पहले यह प्रावधान भारतीय दंड संहिता (IPC) की धारा 498अ में था, जो अब भारतीय न्याय संहिता (BNS) में समाहित है। इसका उद्देश्य विवाहिता महिला को क्रूरता (cruelty) से सुरक्षा देना है। Cruelty का अर्थ केवल शारीरिक हिंसा नहीं है। इसमें मानसिक उत्पीड़न (mental harassment), दहेज की मांग, अपमानजनक व्यवहार, या ऐसा कोई भी आचरण शामिल हो सकता है जिससे महिला का जीवन कठिन हो जाए। यदि पति या उसके परिवार द्वारा ऐसा व्यवहार किया जाता है, तो महिला इस प्रावधान के तहत आपराधिक मामला दर्ज करवा सकती है।

यह एक गंभीर अपराध माना जाता है और इसमें पुलिस जांच तथा न्यायिक प्रक्रिया शामिल होती है। हालांकि, अदालतें यह भी देखती हैं कि आरोप वास्तविक हैं या नहीं, क्योंकि हर मामले में तथ्यों के आधार पर ही निर्णय होता है। कई बार यह भी देखा गया है कि इस प्रावधान के दुरुपयोग की शिकायतें सामने आती हैं, इसलिए जांच और साक्ष्य (evidence) का महत्व और बढ़ जाता है। लोग अक्सर बिना पूरी जानकारी के इस धारा को केवल 'दहेज केस' समझ लेते हैं, जबकि इसका दायरा उससे व्यापक है।

निष्कर्ष: 498A का उद्देश्य महिला को क्रूरता से सुरक्षा देना है। यह एक गंभीर कानूनी प्रावधान है, जिसका उपयोग तथ्यों और साक्ष्यों के आधार पर ही प्रभावी होता है।

# सेक्टर-40 में उत्तराखंडी लोक संस्कृति की छटा, पारंपरिक गीतों और चौफला ने बांधा समां





चंडीगढ़/यूटर्न/29 अप्रैल। उत्तराखंड की समृद्ध लोक परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण एवं संवर्धन के उद्देश्य से सेक्टर-40 स्थित कम्युनिटी सेंटर में मंगलवार को एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उत्तराखंडी कीर्तन मंडलियों द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

शाम 3 बजे से 5 बजे तक चले इस आयोजन में उत्तराखंड की गणमान्य महिलाओं के साथ स्थानीय क्षेत्र की महिलाओं की भी उल्लेखनीय उपस्थिति रही। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण पारंपरिक थड़िया गीत और चौफला की मनमोहक प्रस्तुतियां रहीं, जिन्होंने उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। लोक कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से उत्तराखंड की समृद्ध सांस्कृतिक पहचान, लोक परंपराओं और सामाजिक मूल्यों की जीवंत झलक पेश की। कार्यक्रम में लोक संस्कृति के संरक्षण और नई पीढ़ी तक इसकी विरासत पहुंचाने पर विशेष जोर दिया गया। गुरुबक्श रावत ने सभी प्रतिभागियों और उपस्थित महिलाओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज को अपनी जड़ों से जोड़ने का काम करते हैं। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से नई पीढ़ी को अपनी परंपराओं और मूल्यों से परिचित कराया जा सकता है। उन्होंने आयोजन को सफल बनाने में उत्तराखंडी बहनों और क्षेत्रवासियों के योगदान की सराहना की, जिन्होंने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को गरिमामय बनाया।

# डेराबस्सी में सफाई व्यवस्था को बड़ा बल—डॉग कैचर वैन और आधुनिक स्वीपिंग मशीन को हरी झंडी

### आम आदमी पार्टी के टीम मेंबर्स के साथ विस्तृत बैठक; अधिकारियों को सख्त निर्देश—लोगों के लंबित काम तुरंत निपटाए जाएं, विकास कार्यों में तेजी लाई जाए



डेराबस्सी/यूटर्न/29 अप्रैल। कुलजीत सिंह रंधावा ने नगर कौंसिल डेराबस्सी द्वारा खरीदी गई डॉग कैचर वैन और आधुनिक स्वीपिंग मशीन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। डॉग कैचर वैन की लागत 15.95 लाख रुपये, जबकि आधुनिक स्वीपिंग मशीन 49.50 लाख रुपये की लागत से खरीदी गई है। उन्होंने कहा कि ये पहल शहर की सफाई व्यवस्था को मजबूत करने के साथ-साथ आवारा कुत्तों की समस्या के समाधान में भी अहम भूमिका निभाएंगी। इससे शहरवासियों को राहत मिलेगी और डेराबस्सी को साफ-सुथरा एवं व्यवस्थित बनाने में मदद मिलेगी। इस अवसर पर उन्होंने आम आदमी पार्टी के टीम मेंबर्स और अधिकारियों के साथ एक अहम बैठक भी की। बैठक के दौरान क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं और लोगों के मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई।

विधायक ने संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि लोगों के लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर तुरंत पूरा किया जाए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने दोहराया कि लोगों की सुविधा, समस्याओं का त्वरित समाधान और शहर का समग्र विकास सरकार की प्राथमिकता है, और इस दिशा में हर संभव प्रयास जारी रहेंगे।

Uturn Time 30 Apr 2026_Layout 2 29-04-2026 23:36 Page 7



# यूएई के ओपीईसी से बाहर निकलने से भारत को सबसे ज्यादा फायदा होगा

चंडीगढ़/यूटर्न/29 अप्रैल। यूएई के 'ऑर्गेनाइजेशन ऑफ द पेट्रोलियम एक्सपोर्टिंग कंट्रीज' (ओपीईसी) से बाहर निकलने से मध्य पूर्व में ऊर्जा का परिदृश्य बदल गया है और वैश्विक तेल व्यापार के लिए नई संभावनाएँ खुल गई हैं। 1 मई से, अबू धाबी तेल कार्टेल की उत्पादन सीमाओं से मुक्त हो जाएगा। जिन्हें मुख्य रूप से सऊदी अरब तय करता है और अपनी पूरी क्षमता तक कच्चे तेल का उत्पादन बढ़ा सकता है। इससे रणनीतिक फुजैरा पाइपलाइन के जरिए भारत को निर्यात बढ़ाने के दरवाजे खुल गए हैं; यह पाइपलाइन होर्मुज जलडमरूमध्य को पूरी तरह से बाईपास करती है। चूँकि यूएई तुरंत अपने तेल उत्पादन को प्रतिदिन दस लाख बैरल तक बढ़ा सकता है, इसलिए भारत के लिए यह एक अच्छी खबर है।







## यूएई के ओपीईसी से बाहर निकलने का भारत के लिए क्या मतलब है ?

भारत और यूएई के बीच एक 'व्यापक रणनीतिक साझेदारी' है जो तेल से कहीं आगे तक जाती है। दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार वर्तमान में 200 अरब डॉलर के लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है, जिसके केंद्र में ऊर्जा है। यूएई भारत के कच्चे तेल के आयात का लगभग 9-10 प्रतिशत हिस्सा आपूर्ति करता है और एलएनजी का भी एक प्रमुख आपूर्तिकर्ता है। हाल के सौदों में 3 अरब डॉलर का एलएनजी समझौता शामिल है, और भारतीय कंपनियों की यूएई के तेल क्षेत्रों में हिस्सेदारी है ।यूएई का ओपीईसी से बाहर निकलना इस बंधन को और मजबूत कर सकता है। भारतीय रिफाइनर, जो पहले से ही 'मुरबान' जैसी यूएई ग्रेड से परिचित हैं, अब अधिक स्थिर मात्रा और यदि वैश्विक आपूर्ति आसान होती है तो संभवतः बेहतर कीमतों की उम्मीद कर सकते हैं।

## सुरक्षा कई मायने रखती

आज, युद्ध के इस दौर में, सुरक्षा पहले से कहीं अधिक मायने रखती है, और यूएई जैसे भरोसेमंद साझेदार बहुत अहम हैं। फुजैरा मार्ग होर्मुज से जुड़े जोखिमों के प्रति भारत की संवेदनशीलता को कम करता है और सरकार के विविध आयात को बढ़ावा देने के प्रयासों का समर्थन करता है।

## फुजैरा में ऐसा क्या खास है ?

2012 में लगभग 4 अरब डॉलर की लागत से पूरी हुई, इस 48-इंच की पाइपलाइन की क्षमता प्रतिदिन 15 लाख बैरल है, और रिपोर्टों के अनुसार इसकी क्षमता 18 लाख बैरल तक हो सकती है। इसमें केवल एक छोटा सा अपतटीय हिस्सा शामिल है; बाकी हिस्सा यूएई के क्षेत्र से होते हुए जमीन के रास्ते गुजरता है। फुजैरा से, टैंकर 'मुरबान' कच्चा तेल लादते हैं और सीधे खुले अरब सागर में निकल जाते हैं, जिससे वे भीड़भाड़ वाले और वर्तमान में जोखिम भरे 'होर्मुज चोकपॉइंट' से बच जाते हैं, जहाँ से आम तौर पर वैश्विक समुद्री तेल का 20 प्रतिशत हिस्सा गुजरता है।

## भारत के लिए उपयोगी मार्ग

भारत के लिए, यह मार्ग पहले ही उपयोगी साबित हो चुका है। जब होर्मुज में रुकावटें आईं, तो भारतीय रिफाइनरों ने फुजैराह के रास्ते आयात बढ़ा दिया। यह पाइपलाइन फुजैराह रिफाइनरी और निर्यात टर्मिनलों, दोनों को आपूर्ति करती है, जिससे यह एक भरोसेमंद जीवनरेखा बन जाती है।

# पीजीआई चंडीगढ़ में कल स्वास्थ्य सुविधाओं का बड़ा विस्तार, जेपी नड्डा करेंगे उत्तर भारत के सबसे बड़े न्यूरो सेंटर का उद्घाटन

चंडीगढ़ /यूटर्न/29 मार्च। पीजीआई में गुरुवार को स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में बड़ा विस्तार होने जा रहा है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे, जिससे चंडीगढ़ ही नहीं बल्कि पूरे उत्तर भारत के मरीजों को सीधा लाभ मिलेगा। सबसे प्रमुख परियोजना उत्तर भारत के सबसे बड़े एडवांस्ड न्यूरो साइंस सेंटर (एएनसी) की है, जिसका लोकार्पण जेपी नड्डा करेंगे। करीब 485 करोड़ रुपये की लागत से बने इस 300 बेड के छह मंजिला सेंटर को न्यूरोलॉजिकल बीमारियों के इलाज का बड़ा हब माना जा रहा है।




इस सेंटर में अत्याधुनिक लैब, इमरजेंसी सेवाएं, 10 मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर और न्यूरो सर्जरी से जुड़ी उन्नत सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इससे स्ट्रोक, ब्रेन ट्यूमर, स्पाइनल और अन्य गंभीर न्यूरोलॉजिकल बीमारियों के इलाज में मरीजों को बड़ी राहत मिलेगी। इसके साथ ही केंद्रीय मंत्री एडवांस्ड मदर एंड चाइल्ड केयर सेंटर (अटउउ) का भी उद्घाटन करेंगे। करीब 120 करोड़ रुपये की लागत से बने इस सेंटर में महिलाओं और बच्चों के लिए विशेष स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी। यहां हाई-रिस्क मैटरनिटी यूनिट, लेवल-3 नवजात आईसीयू और ह्यूमन मिल्क बैंक जैसी सुविधाएं होंगी।

पीजीआई प्रशासन के अनुसार हर साल यहां 6000 से अधिक डिलीवरी होती हैं, जिसे देखते हुए नवजात आईसीयू बेड की संख्या 22 से बढ़ाकर 105 की जा रही है। इसके अलावा जेपी नड्डा क्रिटिकल केयर ब्लॉक, मेडिकल म्यूजियम और एडवांस आई सेंटर के विस्तार की आधारशिला भी रखेंगे। नई कॉर्डियक इमरजेंसी सुविधा और आई सेंटर विस्तार से गंभीर मरीजों को और बेहतर इलाज मिल सकेगा। इसी दिन पीजीआई का 39वां दीक्षांत समारोह भी आयोजित होगा, जिसमें जेपी नड्डा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर करीब 550 विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान करेंगे। नीति आयोग के सदस्य डॉ. विनोद पाल विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। पीजीआई के निदेशक डॉ. विवेक लाल ने बताया कि संस्थान में हर वर्ष लगभग 40 लाख मरीज इलाज के लिए आते हैं। नई परियोजनाओं के शुरू होने से स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और क्षमता दोनों में बड़ा सुधार होगा।

# दिशा एक्स 2026: लुधियाना में सजा उत्तर भारत का सबसे बड़ा करियर कार्निवल, 80+ यूनिवर्सिटीज एक मंच पर





लुधियाना/यूटर्न/29 अप्रैल। बीसीएम आर्य मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, शास्त्री नगर द्वारा ह्यदिशा एक्स करियर कार्निवल 2026ह्व का भव्य आयोजन किया गया, जो उत्तर भारत के सबसे बड़े करियर मेलों में से एक साबित हुआ। इस आयोजन का उद्देश्य छात्रों को बदलते करियर परिदृश्य में सही दिशा और स्पष्टता प्रदान करना रहा। कार्यक्रम का उद्घाटन स्कूल अध्यक्ष राकेश जैन, उपाध्यक्ष विनोद सहगल, सचिव कैप्टन वी.के. सयाल और प्रिंसिपल डॉ. अनुजा कौशल द्वारा किया गया। कैप्टन वी.के. सयाल ने इस अवसर पर करियर मार्गदर्शन के महत्व पर जोर देते हुए मेले की औपचारिक शुरूआत की। इस मेले में 5000 से अधिक छात्र और अभिभावकों ने भाग लिया, जबकि 80 से ज्यादा राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालयों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। University of Toronto, University of Melbourne, University of Warwick और National University of Singapore जैसे संस्थानों ने छात्रों को वैश्विक शिक्षा के अवसरों से अवगत कराया। छात्रों को काउंसलिंग, इंटरैक्टिव सेशंस और विभिन्न करियर विकल्पों—मेडिकल, कॉमर्स, आर्ट्स, डिजाइन व मीडिया—के बारे में जानकारी मिली। प्रिंसिपल डॉ. अनुजा कौशल ने इसे छात्रों के लिए प्रेरणादायक और भविष्य निर्माण में सहायक मंच बताया। कार्यक्रम ने छात्रों को नई दिशा, आत्मविश्वास और बेहतर निर्णय लेने की क्षमता प्रदान की।

# कुंदन ज्वेलर्स के घर में आग से अफरा-तफरी, जनरेटर ब्लास्ट की आशंका,

लुधियाना/यूटर्न/29 अप्रैल। गुरदेव नगर इलाके में स्थित कुमरा पार्क के पास मंगलवार शाम उस समय अफरा-तफरी मच गई जब कुंदन ज्वेलर्स के जसदीप सिंह के घर में अचानक आग लग गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार आग जनरेटर में खराबी के चलते लगी, जबकि स्थानीय लोगों का कहना है कि यह जनरेटर ब्लास्ट का मामला हो सकता है। आग लगने के बाद आसपास के लोगों aur Smaj sevi ravinder ghai ने तुरंत घटना की सूचना पुलिस और फायर ब्रिगेड को दी। देखते ही देखते आग ने घर के एक हिस्से को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे इलाके में दहशत का माहौल बन गया। हालांकि राहत की बात यह रही कि समय रहते सभी लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया और कोई जानी नुकसान नहीं हुआ।



मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। पुलिस ने भी इलाके को घेरकर स्थिति को नियंत्रित करने में अहम भूमिका निभाई। अधिकारियों के अनुसार, आग लगने के सही कारणों की जांच की जा रही है।

Uturn Time 30 Apr 2026_Layout 2 29-04-2026 23:36 Page 8



# स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 को लेकर एमसी चंडीगढ़ सख्त, शहरभर में तेज होगा सफाई अभियान





चंडीगढ़/यूटर्न/29 अप्रैल। स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में बेहतर रैंकिंग हासिल करने के लिए नगर निगम चंडीगढ़ (एमसी) ने सफाई व्यवस्था को और मजबूत करने की दिशा में कमर कस ली है।

इसी कड़ी में मंगलवार को नगर निगम ने शहर में चल रहे स्वच्छता अभियानों की समीक्षा और आगामी रणनीति तय करने के लिए एक व्यापक बैठक आयोजित की। बैठक की अध्यक्षता विशेष आयुक्त प्रदीप कुमार, आईएएस ने की। इस दौरान संयुक्त आयुक्त बलबीर राज सिंह, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. इंदरदीप कौर सहित चंडीगढ़ प्रशासन और नगर निगम के विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

बैठक में राष्ट्रीय स्वच्छता सर्वेक्षण के सभी प्रमुख मानकों पर विस्तार से चर्चा की गई। शहर में स्वच्छता मानकों को और बेहतर बनाने के लिए स्कूलों, कॉलेजों, पार्कों, सार्वजनिक शौचालयों, बस स्टैंडों तथा सरकारी और निजी संस्थानों में विशेष सफाई अभियान चलाने के निर्देश दिए गए।

विशेष आयुक्त ने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण में बेहतर प्रदर्शन के लिए केवल प्रशासनिक प्रयास ही नहीं, बल्कि नागरिकों की सक्रिय भागीदारी भी बेहद जरूरी है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अपने आसपास सफाई बनाए रखने में सहयोग करें और स्वच्छता को सामूहिक जिम्मेदारी के रूप में अपनाएं। बैठक में नागरिक फीडबैक पर भी विशेष जोर दिया गया, जो स्वच्छ सर्वेक्षण का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। नगर निगम ने शहरवासियों, शैक्षणिक संस्थानों, रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशनों (आरडब्ल्यूए) और सभी संगठनों से सक्रिय भागीदारी और सकारात्मक फीडबैक देने की अपील की। एमसी चंडीगढ़ ने दोहराया कि सभी हितधारकों के सहयोग और निरंतर प्रयासों से ही शहर को देश का सबसे स्वच्छ शहर बनाया जा सकता है।

# वेंडिंग जोन की व्यवस्थाओं पर एमसी चंडीगढ़ की सख्त नजर, संयुक्त आयुक्त ने किया औचक निरीक्षण





चंडीगढ़/यूटर्न/29 अप्रैल। स्ट्रीट वेंडर्स (जीविका संरक्षण और सड़क विक्रय विनियमन) अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन को मजबूत करने के लिए नगर निगम चंडीगढ़ ने वेंडिंग जोन की व्यवस्थाओं पर निगरानी बढ़ा दी है। इसी क्रम में नगर निगम के संयुक्त आयुक्त डॉ. हिमांशु गुप्ता ने मंगलवार को आईटी पार्क तथा सेक्टर-7, 8, 9, 10 और 11 के निर्धारित स्ट्रीट वेंडिंग स्थलों का विस्तृत निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ प्रवर्तन शाखा से सुनील दत्त और सोशल डेवलपमेंट ऑफिसर (एसडीओ) डॉ. विवेक त्रिवेदी भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान नागरिक सुविधाओं और वेंडरों के कल्याण संबंधी व्यवस्थाओं की व्यापक समीक्षा की गई। संयुक्त आयुक्त ने वेंडिंग जोन में सुरक्षित पेयजल की उपलब्धता, सार्वजनिक शौचालयों की सफाई और रखरखाव पर विशेष जोर दिया। उन्होंने इंजीनियरिंग विंग को निर्देश दिए कि सभी वेंडिंग जोन में निर्बाध जलापूर्ति सुनिश्चित की जाए और स्वच्छता के उच्च मानक बनाए रखें जाएं।

डॉ. हिमांशु गुप्ता ने स्ट्रीट वेंडरों से सीधे बातचीत कर उनकी रोजमर्रा की समस्याओं, वेंडिंग लेआउट की प्रभावशीलता, सुरक्षा और प्रकाश व्यवस्था से जुड़ी चिंताओं की जानकारी ली। वहीं ग्राहकों से भी सफाई और पहुंच संबंधी सुविधाओं पर फीडबैक लिया गया। प्रवर्तन शाखा को निर्देश दिए गए कि केवल अधिकृत वेंडर ही निर्धारित स्थानों पर कारोबार करें और गैर-वेंडिंग क्षेत्रों में अतिक्रमण रोककर पैदल आवाजाही को सुगम बनाया जाए। सोशल डेवलपमेंट ऑफिसर डॉ. विवेक त्रिवेदी ने वेंडरों को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी और स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छता मानकों का पालन करने के लिए जागरूक किया। संयुक्त आयुक्त ने कहा कि सुव्यवस्थित वेंडिंग जोन न केवल रेहड़ी-पटरी वालों की आजीविका को मजबूत करते हैं, बल्कि शहर की सुंदरता और आम लोगों की सुविधा को भी बढ़ाते हैं।

# छतबीड़ चिड़ियाघर में गूंजी बच्चों की मुस्कान, मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने किया स्नेहिल संवाद

## 'प्रोजेक्ट मुस्कुराहट' से नाजुक परिस्थितियों वाले बच्चों को मिल रही नई उम्मीद



जीरकपुर/यूटर्न/29 अप्रैल। छतबीड़ चिड़ियाघर में बुधवार को उस समय खुशियों का माहौल बन गया, जब सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने नाजुक परिस्थितियों में रह रहे बच्चों से स्नेहिल मुलाकात की। बच्चों की खिलखिलाहट और उत्साह से पूरा चिड़ियाघर गूंज उठा।

मंत्री ने बच्चों के साथ चिड़ियाघर का भ्रमण किया और उनसे आत्मीय बातचीत करते हुए उनकी भावनाओं को जाना। इस दौरान उन्होंने बच्चों के साथ बैठकर दोपहर का भोजन भी किया, जिससे कार्यक्रम में पारिवारिक माहौल बन गया और बच्चों में अपनापन बढ़ा।

इस अवसर पर मंत्री ने कहा कि प्रोजेक्ट मुस्कुराहट केवल एक योजना नहीं, बल्कि उन बच्चों के लिए उम्मीद की किरण है, जिन्होंने कोविड-19, बाढ़ या अन्य प्राकृतिक आपदाओं में अपने माता-पिता या सहारा खो दिया है। सरकार का उद्देश्य है कि कोई भी बच्चा अपने सपनों से वंचित न रहे।

उन्होंने बताया कि योजना के तहत बच्चों को आर्थिक सहायता के साथ-साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं, आयुष्मान भारत के तहत बीमा, मनोवैज्ञानिक परामर्श और कौशल विकास जैसी सुविधाएं दी जा रही हैं, ताकि उन्हें सुरक्षित और सहयोगी माहौल मिल सके।

मंत्री ने कहा कि बच्चों को 23 वर्ष की आयु पूरी होने पर 10 लाख रुपये की सहायता दी जाएगी, जिससे वे आत्मनिर्भर जीवन शुरू कर सकें। इसके अलावा स्कूली शिक्षा के लिए हर साल 20,000 रुपये और वयस्क होने तक 4,000 रुपये प्रति माह स्पॉन्सरशिप भी दी जा रही है।

उन्होंने बताया कि योजना को पारदर्शी तरीके से लागू किया जा रहा है, जिसमें जिला प्रशासन द्वारा पहचान, चाइल्ड वेलफेयर कमेटी द्वारा सत्यापन और डीबीटी के माध्यम से सहायता प्रदान की जा रही है।

आंकड़ों के अनुसार कोविड-19 के कारण 43 बच्चे अनाथ हुए, जबकि 4 बच्चे बाढ़ से प्रभावित हुए हैं, जिन्हें योजना में शामिल किया गया है। इनमें से 42 बच्चों को विभिन्न सरकारी योजनाओं के तहत सहायता और उच्च शिक्षा के अवसर मिल रहे हैं।

मंत्री ने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि हर जरूरतमंद और अनाथ बच्चे को इस योजना के दायरे में लाया जाए, ताकि उन्हें सुरक्षित और सम्मानजनक भविष्य मिल सके। उन्होंने भावुक होते हुए कहा कि आज दिया गया सहारा ही कल बच्चों के विश्वास की मजबूत नींव बनता है।

# ईएसजी मेड सिंपल और सीएसआर मेड सिंपल का लोकार्पण - लखमिंदर कौर




लुधियाना/यूटर्न/29 अप्रैल। लुधियाना में उद्योग और सिविल सोसाइटी के बीच मजबूत सेतु बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत लखमिंदर कौर द्वारा लिखित दो पुस्तकों ईएसजी मेड सिंपल और सीएसआर मेड सिंपल का भव्य लोकार्पण किया गया। सस्टेनेबिलिटी, सोशल ऑडिटिंग और सीएसआर सलाहकार के क्षेत्र में एक प्रमुख नाम के रूप में जानी जाने वाली लखमिंदर कौर ने इन जटिल विषयों को सरल और व्यवहारिक रूप में प्रस्तुत किया है। इन पुस्तकों का संयुक्त रूप से लोकार्पण डीसी हिमांशु जैन, तथा एवन साइकिल एमडी ओंकार सिंह पाहवा ने किया। अपने संबोधन में उन्होंने ईएसजी और सीएसआर के संरचित दृष्टिकोण की बढ़ती आवश्यकता पर बल देते हुए इस सराहनीय प्रयास की प्रशंसा की। इस अवसर पर रॉल्सन साइकिल्स से संजीव पाहवा भी उपस्थित रहे, जिन्होंने विशेष रूप से एमएसएमईस के लिए इस प्रकार की व्यावहारिक मार्गदर्शिका की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। यूसीपीएमए अध्यक्ष हरसिमरजीत सिंह लक्की ने कहा कि ये पुस्तकें उद्योगों को जिम्मेदार प्रथाओं को सहज रूप से अपनाने हेतु एक तैयार ढांचा प्रदान करेंगी।

# पंजाब में सियासी सरगर्मी तेज: AAP की मीटिंग में शक्ति प्रदर्शन, सवालों के घेरे में एजेंडा

अशोक सहगल





लुधियाना/यूटर्न/29 अप्रैल। पंजाब के राजनीतिक हलचल में तेजी बरकरार है 6 राज्यसभा सांसदों के पार्टी छोड़ने के बाद आम आदमी पार्टी सतर्क हो गई है। विधायकों की टूट बचाने के लिए प्रदेश प्रभारी मनीष सिसोदिया ने आज जालंधर में मीटिंग बुलाई। यह मीटिंग करीब साढ़े 3 घंटे चली। इसके बाद वह प्रेस कॉन्फ्रेंस किए निकल गए। जिससे एक बार फिर चचाओं ने जन्म ले लिया आने वाले दिनों में सोशल मीडिया पर अलग-अलग विशेषज्ञ राजनीतिक विश्लेषण जिस पर चर्चा करते नजर आएंगे जाने से पहले सिसोदिया ने भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भाजपा गद्दारों से भरी पार्टी है। उसमें सभी लोग गंदे हैं।

लोगों को उनकी बातों में नहीं आना चाहिए। पहले इस मीटिंग के बारे में कहा गया किय मीटिंग 1000 ब्लॉक ऑब्जर्वरों के साथ आयोजित की गई है, लेकिन इसमें विधायक भी पहुंचे। मीटिंग के एजेंडे को लेकर सभी विधायक कंफ्यूज दिखे। कोई रेगुलर मीटिंग, कोई स्पेशल सेशन को लेकर तो कोई इसे निगम चुनाव को लेकर मीटिंग बताता दिखा। गंभीर मुद्दों की जगह खेलते रहे गेम्स मीटिंग की जगह जालंधर के शाहपुर स्थित सिटी कैंपस कर दिया गया। मीटिंग से उट भगवंत मान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जुड़े। मीटिंग से पहले विधायकों-ऑब्जर्वर्स को गेम्स खिलाए गए। मीटिंग से पहले विधायकों-ऑब्जर्वर्स को गेम्स खिलाए गए। विधायक रस्साकसी करते नजर आए। गेम के जरिए पार्टी ने मेलजोल बढ़ाने और इसी के बहाने शक्ति प्रदर्शन किया। यह मीटिंग 1000 ब्लॉक ऑब्जर्वरों के साथ बताई गई, लेकिन इसमें जो विधायक पहुंचे।

मीटिंग के एजेंडे को लेकर सभी कंफ्यूज दिखे। कोई रेगुलर मीटिंग, कोई स्पेशल सेशन को लेकर तो कोई इसे निगम चुनाव को लेकर मीटिंग बताता दिखा मनीष सिसोदिया ने कहा कि ऐसी मीटिंग हर 3-4 महीने में होती है: जानकारी देते हुए मनीष सिसोदिया ने कहा-अअढ ने हर 15 गांव या वार्ड पर ऑब्जर्वर लगाए हुए हैं। इनका काम समय-समय पर संगठन के लोगों से मिलते रहना, उनके काम व समस्याओं को समझना और उन्हें पार्टी हाईकमान तक पहुंचाना है। इनके मुद्दों पर हर 3-4 महीने में मीटिंग होती रही है। इस बार भी ऑब्जर्वर्स ढाई लाख वॉलंटियर्स के मीटिंग कर आए थे। उन पर आज की मीटिंग में चर्चा की गई। सिसोदिया ने कहा-आम आदमी पार्टी का कार्यकर्ता पहले से मोटिवेटेड है। वे तो पहले से ही मोटिवेशन से काम कर रहे हैं। उन्हें मोटिवेशन किसी विधायक या नेता से नहीं मिलती। उन्हें मोटिवेशन इससे मिलती है कि उनकी सरकार काम कर रही है या नहीं। अअढ ने सभी सेक्टरों में इतना काम किया है कि पिछली सरकारें 75-80 सालों में भी नहीं कर पाई। कितने विधायक आए यह स्पष्ट नहीं किया गया आज आम आदमी पार्टी द्वारा किए जय शक्ति प्रदर्शन में यह स्पष्ट नहीं किया गया कि कितने विधायक मौके पर उपस्थित थे विधायकों के बागी होने के मसले पर सिसोदिया ने कहा की हमारे विधायक लोगों के बीच कम कर रहे हैं और उनके संपर्क में है। वे सबसे ज्यादा जनता के टच में हैं। हमारे विधायक उन लोगों के टच में हैं, जिन्होंने उन्हें चुनकर भेजा है। उन्होंने 4 साल लोगों के लिए काम किया है। 1 साल और उनके के लिए काम करेंगे। इसके बाद दोबारा चुनकर आएंगे।

# हरियाणा निकाय चुनाव: सीएम नायब सैनी ने पंचकूला से फूंका चुनावी बिगुल, भाजपा का 'संकल्प पत्र' जारी




पंचकूला/यूटर्न/29 अप्रैल। हरियाणा निकाय चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने मंगलवार को पंचकूला से चुनावी बिगुल फूंकते हुए अपना 'संकल्प पत्र' जारी कर दिया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने भाजपा प्रदेश कार्यालय पंचकमल में आयोजित कार्यक्रम में पार्टी का विजन दस्तावेज जारी किया और निकाय चुनाव में जीत का दावा किया।

इस मौके पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली, संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा, कैबिनेट मंत्री एवं पंचकूला निकाय चुनाव प्रभारी विपुल गोयल, सह प्रभारी कंवरपाल गुर्जर, मंत्री कृष्णलाल पंवार, मंत्री रणबीर गंगवा, राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा, कालका विधायक शक्तिरानी शर्मा, पूर्व स्पीकर ज्ञानचंद गुप्ता और पंचकूला मेयर उम्मीदवार श्यामलाल बंसल समेत कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न जिलों से आए 50 से अधिक नेताओं और कार्यकताओं ने भाजपा का दामन थामा। मुख्यमंत्री नायब सैनी और प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली ने उन्हें पार्टी का पटका पहनाकर स्वागत किया। इनमें पूर्व मंत्री राजकुमार बाल्मीकि, हिसार से जयसिंह बिश्नोई, गुरुग्राम से जगदीश मांडोली, रेवाड़ी से सुरेंद्र मड़िया, अनिल यादव सरपंच, पवन यादव और कैथल से अनिल सहित कई प्रमुख नाम शामिल रहे।

उधर, पंचायत उपचुनावों की तस्वीर भी लगभग साफ हो गई है। राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार एक जिला परिषद सदस्य, छह सरपंच और 275 पंच सहित कुल 290 उम्मीदवार निर्विरोध चुने गए हैं। वहीं, 10 मई को जिला परिषद की एक सीट, पंचायत समिति की चार, सरपंच की 24 और पंच की 28 सीटों पर मतदान कराया जाएगा।

पंचायत समिति की 12 सीटों में से 8 पर उम्मीदवार निर्विरोध चुने गए, जबकि 4 पर चुनाव होंगे। सरपंच पद की 32 सीटों में 6 निर्विरोध रहीं, 24 पर मतदान होगा और 2 सीटों पर कोई नामांकन नहीं हुआ। पंच पद पर 542 सीटों में 275 निर्विरोध, 28 पर चुनाव और 239 सीटों पर नामांकन नहीं हुआ।

जिला स्तर पर हिसार में सबसे अधिक हलचल देखने को मिली, जबकि पंचकूला में 23 पंच सीटों में से केवल 1 सीट पर निर्विरोध चुनाव हुआ और 22 सीटों पर नामांकन ही नहीं हुआ। वहीं, निकाय चुनाव में अंबाला, सांपला, सोनीपत और पंचकूला में कई उम्मीदवारों ने नामांकन वापस लिए हैं। सोनीपत नगर निगम में मेयर पद के लिए अब 9 उम्मीदवार मैदान में हैं, जबकि पार्षद पद के लिए 79 प्रत्याशी चुनावी मुकाबले में बचे हैं। भाजपा ने संकल्प पत्र के जरिए विकास, स्वच्छता, पारदर्शी प्रशासन और नागरिक सुविधाओं को चुनावी एजेंडा बनाते हुए निकाय चुनाव में जनता से समर्थन मांगा है।

# तीन दिन बाद भी सुलग रहा बिशनपुरा डंपिंग ग्राउंड, जहरीले धुएं से लोगों का जीना मुश्किल

## दमकल की कोशिशें जारी, लेकिन कूड़े के ढेरों में धधक रही आग; लोगों ने उठाए सवाल—स्थायी समाधान कब?



जीरकपुर/यूटर्न/29 अप्रैल। जीरकपुर के बिशनपुरा स्थित डंपिंग ग्राउंड में लगी आग तीन दिन बाद भी पूरी तरह काबू में नहीं आ सकी है। ऊपर से आग भले शांत नजर आ रही हो, लेकिन कूड़े के ऊंचे ढेरों के भीतर अब भी सुलग रही है। इससे उठ रहा काला और जहरीला धुआं आसपास की रिहायशी सोसाइटियों के लिए बड़ी परेशानी बना हुआ है।

सोमवार सुबह लगी इस आग को बुझाने के लिए दमकल विभाग की टीमें लगातार मौके पर डटी हुई हैं। फायर ब्रिगेड की गाड़ियां पानी की बौछार कर रही हैं, वहीं जेसीबी मशीनों की मदद से कचरे के ढेरों को हटाकर अंदर तक पहुंचने की कोशिश की जा रही है। इसके बावजूद प्लास्टिक और अन्य ज्वलनशील पदार्थों के कारण आग पूरी तरह बुझने का नाम नहीं ले रही।

### धुएं ने बिगाड़ी सांसें, घरों में कैद लोग

डंपिंग ग्राउंड से उठ रहे घने धुएं ने आसपास के इलाकों का माहौल जहरीला कर दिया है। स्थानीय निवासियों के अनुसार सुबह और शाम के समय धुएं की तीव्रता बढ़ जाती है, जिससे घरों में रहना भी मुश्किल हो गया है। लोग खिड़कियां-दरवाजे बंद रखने को मजबूर हैं, फिर भी बदबू और धुआं अंदर तक पहुंच रहा है।

### स्वास्थ्य पर असर, बढ़ी चिंता

लोगों ने आंखों में जलन, गले में खराश, सिरदर्द और सांस लेने में दिक्कत जैसी समस्याओं की शिकायत की है। बच्चों, बुजुर्गों और अस्थमा मरीजों के लिए हालात और भी गंभीर बने हुए हैं।

### स्थायी समाधान की मांग तेज

स्थानीय लोगों ने प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि डंपिंग ग्राउंड लंबे समय से समस्या बना हुआ है, लेकिन हर बार केवल अस्थायी उपाय किए जाते हैं। लोगों ने कचरा प्रबंधन के स्थायी और वैज्ञानिक समाधान की मांग उठाई है ताकि भविष्य में ऐसे हालात दोबारा न बनें।

### जीरकपुर में अदकहुआ खराब

डंपिंग ग्राउंड से उठ रहे धुएं के कारण शहर की हवा की गुणवत्ता लगातार गिर रही है। कई इलाकों में एयर क्वालिटी इंडेक्स ह्वखराबह्व श्रेणी में पहुंच गया है। विशेषज्ञों के अनुसार पीएम 2.5 और पीएम10 कणों का स्तर बढ़ने से सांस संबंधी बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। बच्चों, बुजुर्गों और पहले से बीमार लोगों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। लोगों से सुबह-शाम बाहर निकलने से बचने और मास्क का उपयोग करने की अपील की गई है।

### आग या साजिश? उठने लगे सवाल

बिशनपुरा डंपिंग ग्राउंड में लगी आग अब सवालों के घेरे में आ गई है। जहां एक ओर दमकल विभाग आग बुझाने में जुटा है, वहीं दूसरी ओर स्थानीय लोगों के बीच चर्चा तेज हो गई है कि क्या यह आग अपने आप लगी या इसके पीछे कोई साजिश है। जानकारी के अनुसार, डंपिंग ग्राउंड की सफाई के लिए हाल ही में ठेका दिया गया था। ऐसे में कुछ लोग यह आशंका जता रहे हैं कि कचरे को हटाने से पहले आग लगने से काम आसान हो सकता है। हालांकि, इस संबंध में अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

# पंचकूला में बदलाव की लहर, कांग्रेस ही दे सकती है बेहतर नेतृत्वः एच.एस. लक्की

चंडीगढ़/यूटर्न/29 अप्रैल। चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एच.एस. लक्की आज पंचकूला पहुंचे, जहां उन्होंने आगामी मेयर चुनाव को लेकर कांग्रेस नेताओं के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। इस दौरान हरियाणा के वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं विधायक तथा पूर्व उपमुख्यमंत्री चंद्रमोहन, कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती सुधा भारद्वाज , पूर्व विधायक प्रदीप चौधरी सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं के साथ विस्तृत चर्चा कर चुनावी रणनीति को अंतिम रूप दिया गया।



बैठक के बाद एच.एस. लक्की ने पंचकूला की जनता से सीधा संवाद करते हुए आह्वान किया कि वे कांग्रेस की मेयर प्रत्याशी श्रीमती सुधा भारद्वाज को भारी मतों से विजयी बनाएं। उन्होंने कहा कि सुधा भारद्वाज एक शिक्षित, अनुभवी और प्रगतिशील महिला हैं, जो पूर्व में महिला अध्यक्ष के रूप में भी अपनी जिम्मेदारियों का सफल निर्वहन कर चुकी हैं। उनकी साफ सोच, ईमानदार छवि और शहर के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण उन्हें इस पद के लिए सबसे उपयुक्त बनाता है। लक्की ने भाजपा पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि पिछले कुछ वर्षों में पंचकूला नगर निगम पूरी तरह से विफल साबित हुआ है। शहर का विकास ठप पड़ चुका है, मूलभूत सुविधाएं चरमराई हुई हैं और जनता खुद को ठगा हुआ महसूस कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा के कुशासन से मुक्ति दिलाने के लिए अब समय आ गया है कि पंचकूला की जनता एक सशक्त और जवाबदेह नेतृत्व को चुने। उन्होंने आगे कहा कि सुधा भारद्वाज के नेतृत्व में पंचकूला को नई दिशा मिलेगी, रुके हुए विकास कार्यों को गति मिलेगी और नगर निगम को पारदर्शी एवं जनहितैषी बनाया जाएगा। अंत में एच.एस. लक्की ने चंडीगढ़ कांग्रेस के सभी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों से अपील की कि वे पंचकूला में अपने साथियों से संपर्क कर कांग्रेस के मेयर प्रत्याशी सहित सभी 20 वार्डों के पार्षद उम्मीदवारों के समर्थन में पूरी ताकत से जुटें और कांग्रेस की ऐतिहासिक जीत सुनिश्चित करें।

# फोर्टिस मोहाली ने दो नवजात शिशुओं की दुर्लभ जन्मजात बीमारियों के लिए जीवन बचाने वाली सर्जरी की

चंडीगढ़/यूटर्न/29 अप्रैल। फोर्टिस अस्पताल मोहाली के डॉक्टरों ने दो गंभीर रूप से बीमार नवजात शिशुओं का सफलतापूर्वक इलाज किया। इन दोनों नवजात शिशुओं को दुर्लभ और जानलेवा जन्मजात बीमारियां थीं, जिनके तुरंत इलाज की जरूरत थी।

ये मामला समय पर बीमारी का पता लगाने और नवजात शिशुओं की विशेष सर्जिकल देखभाल के महत्व को दिखाता है। ये जटिल सर्जरी डॉक्टरों की एक मल्टीडिसिप्लिनरी टीम ने की, जिसका कुशल नेतृत्व डॉ. संदीप कुमार जगलान, कंसल्टेंट, पीडियाट्रिक सर्जरी, फोर्टिस अस्पताल मोहाली ने किया। यह टीम उच्च जोखिम वाले नवजात मामलों को संभालने में अपनी एडवांस्ड पीडियाट्रिक सर्जिकल विशेषज्ञता को दर्शाती है।




पहले मामले में, अस्पताल की पीडियाट्रिक सर्जरी टीम ने एक दिन के प्री-टर्म (समय से पहले जन्मे) बच्चे को नई ज़िंदगी दी। इस बच्चे को 'इसोफेजियल एट्रेसिया विद डिस्टल ट्रेकियोइसोफेजियल फिस्टुला' नामक एक दुर्लभ जन्मजात बीमारी थी। इस बीमारी में भोजन की नली (फूड पाइप) पूरी तरह से विकसित नहीं होती और पेट से अलग रहती है, जबकि सांस की नली (विंडपाइप) के साथ एक असामान्य जुड़ाव बना लेती है। यह बीमारी लगभग हर 3,000 से 4,000 जीवित जन्मों में से किसी एक में पाई जाती है। यह मामला विशेष रूप से चुनौतीपूर्ण था क्योंकि बच्चे का वजन सिर्फ.1.9 किलोग्राम था और वह 'टेट्रालॉजी ऑफ फैलोट' से भी पीड़ित था - यह दिल का एक दुर्लभ जन्मजात दोष है जो लगभग हर 10,000 जन्मों में से 5 में होता है और इसके कारण शरीर में ऑक्सीजन की कमी वाला खून दौड़ता है। जन्म के तुरंत बाद ही नवजात को सांस लेने में गंभीर कठिनाई होने लगी। काफी डिटेल में की गई क्लिनिकल जांच के बाद, मेडिकल टीम ने तीन घंटे की एक जटिल सर्जरी की।

सर्जरी के दौरान, डॉक्टरों ने पाया कि भोजन की नली का ऊपरी हिस्सा बंद था, जबकि निचला हिस्सा सांस की नली से असामान्य रूप से जुड़ा हुआ था, और दोनों सिरों के बीच 3.5 सेंटीमीटर का अंतर था। सर्जिकल टीम ने सांस की नली और भोजन की नली के बीच के असामान्य जुड़ाव को बंद करके और भोजन की नली के सिरों को सावधानीपूर्वक फिर से जोड़कर इस दिक्कत को सफलतापूर्वक ठीक कर दिया।

# नाबालिग से दुष्कर्म पर मौसा को 20 साल कैद, पीड़िता छठी की छात्रा

चंडीगढ़/यूटर्न/29 अप्रैल। चंडीगढ़ की जिला अदालत ने एक नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म के मामले में आरोपी को 20 साल की सख्त कैद की सजा सुनाई है। दोषी पीड़िता का रिश्ते में मौसा लगता है, जिसने मां की गैरमौजूदगी का फायदा उठाकर वारदात को अंजाम दिया था। मामला सेक्टर-31 थाना क्षेत्र का है। पुलिस के अनुसार, 3 जून 2025 को पीड़िता अपनी मां के साथ थाने पहुंची और शिकायत दर्ज करवाई। पीड़िता रामदरबार इलाके में रहती है और 6वीं कक्षा की छात्रा है। उसकी मां एक




फैक्ट्री में काम करती हैं और रोज सुबह घर से निकलकर देर शाम लौटती हैं।

**छोटे भाई को बहाने से बाहर भेजा...**शिकायत में बताया गया कि आरोपी, जो हल्लोमाजरा का रहने वाला है और रिश्ते में मौसा है, घर पर अक्सर आता-जाता था। आरोप है कि आरोपी मां की गैरमौजूदगी में घर आने लगा और एक दिन छोटे भाई को बहाने से बाहर भेजकर नाबालिग के साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया। पीड़िता ने यह भी बताया कि आरोपी ने उसे घटना किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी थी। डर के कारण वह चुप रही, लेकिन बाद में तबीयत खराब होने पर उसने अपनी मां को पूरी बात बताई। इसके बाद दोनों ने पुलिस से संपर्क किया।

# पंजाब सीएम बोले- हरियाणा ने पानी का सही प्रयोग किया, एक भी बूंद अतिरिक्त नहीं ली

चंडीगढ़/यूटर्न/29 अप्रैल। पंजाब के सीएम भगवंत मान ने दावा किया है कि हरियाणा ने इस बार भाखड़ा डैम से मिलने वाले पानी का सही तरीके से प्रयोग किया है। अब तक हरियाणा ने 70 फीसदी पानी ही प्रयोग किया है। हरियाणा अपना पानी सही तरीके से इस्तेमाल कर रहा है। उन्हें 21 मई तक पानी मिलेगा। हरियाणा ने एक भी बूंद ज्यादा प्रयोग नहीं किया है। हम लगातार उन्हें पत्र लिखकर इस बारे में आगाह करते रहे हैं। वहीं, इस बार एक मई से नहरों में पानी छोड़ा जा रहा है। 25 हजार क्यूसिक पानी छोड़ा जा रहा है। इसके साथ ही पंजाब में धान की सीधी बिजाई 15 मई से 31 मई तक चलेगी। किसानों को इस दौरान नहरों से पानी भी मिलेगा और आठ घंटे बिजली सप्लाई भी दी जाएगी। जाखड़ साहिब को कहा कि वह मोदी वाली गारंटियां तो पूरी करवा दें। सीएम ने बताया कि इस बार धान को रखने के लिए जगह की कमी नहीं आएगी। केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी से वह मुलाकात कर आए हैं। उन्होंने कहा है कि 290 स्पेशल ट्रेनें चल रही हैं। ऐसे में धान के लिए जगह की कमी नहीं है। ऐसे में जगह की कमी को आसानी से दूर कर दिया जाएगा।



## पहले मोदी वाली गांरटियां पूरी करवा दें जाखड़ साहब

पंजाब बीजेपी प्रधान सुनील जाखड़ ने कहा था कि 1 मई को विधानसभा का विशेष सत्र बुलाना ही काफी नहीं है। अगर आप सचमुच गंभीर हैं, तो मजदूर दिवस की वास्तविक भावना और पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के आदेशों के अनुसार पंजाब के कर्मचारियों की डीए की किश्तों और बकाया राशि के भुगतान के लिए 15 हजार करोड़ रुपए का ऐलान करें, 30 जून तक भुगतान की गारंटी दें। जब यह सवाल पत्रकारों ने सीएम से पूछा तो उन्होंने कहा कि जाखड़ साहिब पहले मोदी वाली गारंटी पूरी करवा दें।

## जुमलों को गारंटी में बदल दो

पहले कैप्टन वाली तो पूरी नहीं करवा पाए। 15 लाख वाली, दो करोड़ नौकरियों वाली गारंटी पूरी करवा दो। जुमलों को गारंटी में बदल दो, ताकि इलाके के लोगों का भला हो सके। दल बदलने को रिवाज कहने पर सीएम ने कहा कि अश्वनी का इरादा इधर-उधर होने का तो नहीं है। जिसने लोगों के मेंडेट को तोड़ दिया, उसे गद्दार कहते हैं।

# पंजाब आप में टूट के बाद विधायकों-ऑब्जर्वरों की मीटिंग, गेम्स खेली, सिसोदिया बोले- भाजपा गद्दारों की पार्टी



जालंधर/यूटर्न/29 अप्रैल। पंजाब के 6 राज्यसभा सांसदों के पार्टी छोड़ने के बाद आम आदमी पार्टी में हलचल तेज है। विधायकों की टूट बचाने के लिए प्रदेश प्रभारी मनीष सिसोदिया ने सोमवार जालंधर में मीटिंग बुलाई। यह मीटिंग करीब 4 घंटे चली। मीटिंग से रवाना होने से पहले सिसोदिया ने भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भाजपा गद्दारों से भरी पार्टी है। उसमें सभी लोग गंदे हैं। लोगों को उनकी बातों में नहीं आना चाहिए। यह मीटिंग 1000 ब्लॉक ऑब्जर्वरों के साथ बताई गई, लेकिन इसमें विधायक भी पहुंचे। पहले मीटिंग की जगह जालंधर में सीएम निवास रखी गई थी, लेकिन बाद में इसे बदलकर शाहपुर सिटी कैंपस कर दिया गया। मीटिंग से सीएम भगवंत मान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जुड़े। मीटिंग से पहले विधायकों-ऑब्जर्वर्स को गेम्स खिलाए गए। विधायक रस्साकसी करते नजर आए। गेम के जरिए पार्टी ने मेलजोल बढ़ाने और इसी के बहाने शक्ति प्रदर्शन किया।

Uturn Time 30 Apr 2026_Layout 2 29-04-2026 23:36 Page 11



# ऑल पंजाब आंगनवाड़ी कर्मचारी यूनियन MLA के घर के सामने करेगी विरोध प्रदर्शन

## पंजाब सरकार आंगनवाड़ी वर्कर, हेल्पर की जायज मांगें पूरी करे

सोनू टुटेजा

बठिंडा/यूटर्न/29 अप्रैल। आज यहां प्रेस को एक बयान जारी करते हुए, जिला अध्यक्ष गुरमीत कौर बठिंडा और ब्लॉक अध्यक्ष लीलावती बठिंडा ने कहा कि 2 मई को ऑल पंजाब आंगनवाड़ी कर्मचारी यूनियन हलके के टछ्ञ जगरूप सिंह गिल के घर के सामने विरोध प्रदर्शन करेगी। ये विरोध प्रदर्शन हरगोबिंद कौर के नेतृत्व में राज्य कमेटी द्वारा तैयार किए गए संघर्ष की रूपरेखा के तहत किए जा रहे हैं। ऑल पंजाब आंगनवाड़ी कर्मचारी यूनियन ने पंजाब सरकार से मांग की है कि चुनाव के दौरान किए वादे के मुताबिक



पंजाब सरकार आंगनवाड़ी वर्करों और हेल्परों का मानदेय दोगुना करे, आंगनवाड़ी सेंटरों से छीने गए बच्चों को वापस आंगनवाड़ी में भेजा जाए, आंगनवाड़ी वर्करों को प्री-नर्सरी टीचर का दर्जा दिया जाए, आंगनवाड़ी वर्करों को स्मार्ट फोन दिए जाएं जो पहले खरीदे जा चुके हैं लेकिन आंगनवाड़ी वर्करों को नहीं दिए जा रहे हैं, आंगनवाड़ी वर्करों को मावा धिया साक्षरता योजना में काम करने के लिए वर्कर को 200 रुपये और हेल्पर को 100 रुपये दिए जाएं। आंगनवाड़ी वर्करों से आर्थिक जनगणना, दवा जनगणना और मुख्य जनगणना आदि जैसे अतिरिक्त काम लेना बंद किया जाए, NGO के तहत चल रहे ब्लॉक वापस लेने का नोटिफिकेशन लागू किया जाए। इन मांगों को लेकर 2 मई को हलके के टछ्ञ के घर के सामने विरोध प्रदर्शन किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में आंगनवाड़ी वर्कर हेल्पर हिस्सा लेंगी।

# डिजिटल साक्षरता की ओर बढ़ते कदम

## G.H.G. अकादमी के नन्हे छात्रों ने 'फाइल-फोल्डर' प्रतियोगिता में दिखाया हुनर

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/29/अप्रैल। आज के डिजिटल युग में तकनीक की समझ होना अनिवार्य है। इसी उद्देश्य के साथ जी.एच.जी. अकादमी, जगरांव ने कक्षा तीसरी से पांचवीं तक के विद्यार्थियों के लिए एक विशेष 'फाइल एवं फोल्डर प्रबंधन' प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस गतिविधि के माध्यम से न केवल बच्चों की तकनीकी समझ बढ़ी, बल्कि उनमें डिजिटल दुनिया को व्यवस्थित करने का आत्मविश्वास भी जागा।

प्रतियोगिता का मुख्य आकर्षण

इस प्रतियोगिता में छात्रों को कंप्यूटर के बुनियादी लेकिन सबसे महत्वपूर्ण कौशल सिखाए गए, जैसे:



**फोल्डर संरचना:** फाइलों को सही जगह और सही श्रेणी में रखना। नामकरण (Naming Convention): फाइलों को उचित और पहचान योग्य नाम देना।

**समय प्रबंधन:** एक निश्चित समय सीमा के भीतर फाइलों को व्यवस्थित करना।

### कौशल और गति का संगम

विद्यार्थियों में प्रतियोगिता को लेकर भारी उत्साह देखा गया। मूल्यांकन का मुख्य आधार कार्य की सटीकता, स्वच्छता और गति रही। नन्हे प्रतिभागियों ने दिखाया कि कैसे तकनीकी ज्ञान के माध्यम से जटिल डेटा को भी आसानी से सुलझाया और सहेजा जा सकता है।

### शिक्षकों का मार्गदर्शन और प्रोत्साहन

शिक्षकों की देखरेख में आयोजित इस प्रतियोगिता का वातावरण अनुशासित और प्रेरणादायक रहा। प्रतियोगिता के अंत में विजेता छात्रों को सम्मानित किया गया, वहीं अन्य प्रतिभागियों के जज्बे और सीखने की ललक की भी सराहना की गई।

**अकादमी का संदेश:** हमारा लक्ष्य केवल किताबी ज्ञान देना नहीं, बल्कि छात्रों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करना है। इस तरह की गतिविधियाँ बच्चों के सर्वांगीण विकास और उनके व्यावहारिक ज्ञान को सशक्त बनाने में मील का पत्थर साबित होती हैं।

# जीरकपुर के बाल्टन चौकी में इंसाफ न मिलने से आहत महिला ने पुलिस चौकी के बाहर खुद को लगाई आग

जीरकपुर/यूटर्न/29 अप्रैल। रेप की शिकायत दर्ज कराने के लिए कई दिनों तक भटकने के बाद कथित तौर पर पुलिस की अनदेखी से परेशान एक महिला ने मंगलवार को जीरकपुर के बाल्टन चौकी पुलिस चौकी के बाहर खुद को आग लगा ली। गंभीर रूप से झुलसी महिला को पहले सेक्टर-32 स्थित गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से उसकी हालत नाजुक होने पर उसे ढक्क्रचंडीगढ़ रेफर कर दिया गया। बताया जा रहा है कि महिला करीब 70 फीसदी तक झुलस गई है और उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

पीड़िता के परिवार के अनुसार, वह पिछले कई दिनों से पुलिस चौकी के चक्कर काट

▫ रेप FIR दर्ज न होने के आरोप, 70% झुलसी पीड़िता PGI में भर्ती

रही थी, लेकिन उसकी रेप की शिकायत पर ऋक्षक्रदर्ज नहीं की जा रही थी। मंगलवार को भी वह अपने भाई के साथ पुलिस चौकी पहुंची, जहां आरोप है कि पुलिस कर्मियों ने उनकी बात सुनने के बजाय उन्हें डांटकर बाहर निकाल दिया। परिजनों का आरोप है कि इसके कुछ ही देर बाद महिला ने निराशा में पुलिस चौकी के बाहर खुद पर पेट्रोल डालकर आग लगा ली। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने उसे बचाने की कोशिश की और तुरंत अस्पताल पहुंचाया।

महिला के भाई ने बताया कि उसकी बहन के साथ एक व्यक्ति ने दुष्कर्म किया था, लेकिन बार-बार शिकायत करने के बावजूद पुलिस कार्रवाई करने में टालमटोल करती रही। मंगलवार को भी पुलिस ने कथित तौर पर कहा कि आरोपी को बुलाया गया था, लेकिन वह नहीं आया। जब जीरकपुर के बाल्टन चौकी ने ऋक्षक्रदर्ज करने पर जोर दिया तो उन्हें बाहर निकाल दिया गया। उधर, पुलिस का कहना है कि महिला की शिकायत पर अब FIR दर्ज कर ली गई है और मामले की जांच एसपी रैंक के अधिकारी को सौंपी गई है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरमंदीप सिंह हंस ने कहा कि आत्मदाह के प्रयास की घटना की भी गहन जांच की जाएगी और सभी तथ्यों की पड़ताल के बाद ही निष्कर्ष निकाला जाएगा।

# 200 पुलिस कर्मियों की 19 इलाकों में रेड, कॉसो आपरेशन के तहत भारी मात्रा में नशा पकड़ा; 23 संदिग्ध अरेस्ट



जालंधर/यूटर्न/29 अप्रैल। जालंधर में नशे के खिलाफ चलाई गई मुहिम के तहत कमिश्नरेट पुलिस ने 19 इलाकों में विशेष कॉसो ऑपरेशन चलाया। इस ऑपरेशन के दौरान पुलिस ने भारी मात्रा में नशीला पदार्थ बरामद किया। दरअसल 'युद्ध नशे के विरुद्ध' अभियान के तहत पुलिस कमिश्नर धनप्रीत कौर के निर्देशों पर डिप्टी कमिश्नर पुलिस इन्वेस्टिगेशन मनप्रीत सिंह ढिल्लों, ADCP सिटी-1 आकर्षि जैन, अञ्ढ परमजीत सिंह के नेतृत्व में 19 प्रमुख इलाकों में विशेष अभियान चलाया गया। यह सर्च ऑपरेशन हलका स्तर के जीओ की निगरानी में सब-डिविजन स्तर पर संचालित किया गया। इसमें एसएचओ समेत 220 पुलिस कर्मी शामिल रहे। इस दौरान विभिन्न टीमों का गठन करके नाकाबंदी और छापेमारी कर तलाशी ली गई।

# नीली ड्रेस में भीगी दिशा पटानी ने उड़ाए फैंस के होश, वायरल हुई बोल्ड तस्वीर!

Disha Patani



बॉलीवुड की बोल्ड और ब्यूटीफुल अभिनेत्री दिशा पटानी ने एक बार फिर अपनी खूबसूरती से सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है। नीली सिल्क ड्रेस में भीगे हुए अंदाज में की गई यह फोटोशूट उनके करोड़ों फैंस के दिलों की धड़कन बढ़ा रही है। दिशा पटानी अपनी फिटनेस और स्टाइल के लिए हमेशा चर्चा में रहती हैं और यह तस्वीर उनके ग्लैमरस अंदाज की एक और बेहतरीन मिसाल है। हाल ही में कई बड़े प्रोजेक्ट्स में नजर आई दिशा बॉलीवुड की सबसे डिमांडेड अभिनेत्रियों में से एक बन चुकी हैं।

Uturn Time 30 Apr 2026_Layout 2 29-04-2026 23:36 Page 12



# पिंजौर के दो मंदिरों में चोरी करने वाले दो शातिर चोर गिरफ्तार, नकदी और चांदी के आभूषण बरामद

अजीत झा

पंचकूला/यूटर्न/29 अप्रैल। पंचकूला पुलिस के डिटेक्टिव स्टाफ ने पिंजौर क्षेत्र के दो मंदिरों में सेंधमारी की वारदात को सुलझाते हुए दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 45 हजार रुपये नकद और भारी मात्रा में चांदी के आभूषण बरामद किए हैं। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रातुल उर्फ पीगलु , और मलकीत उर्फ गांधी के रूप में हुई है। एसीपी क्राइम अरविंद कंबोज ने बताया कि 21 और



22 अप्रैल की दरम्यानी रात को बीटना रोड स्थित भगवान परशुराम मंदिर के ताले तोड़कर दान पात्र से नकदी चोरी की गई थी। इस संबंध में मंदिर के पुजारी की शिकायत पर थाना पिंजौर में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था। जांच के दौरान सामने आया कि दोनों आरोपियों ने शिव शक्ति कॉलोनी स्थित एक अन्य शिव मंदिर में भी सेंधमारी की थी, जहां से माता की मूर्ति पर चढ़े चांदी के आभूषण चोरी किए गए थे।

# बेहतरीन पुलिस कार्य के लिए 136 पुलिसकर्मियों को डीजीपी ने किया सम्मानित, हत्या-रेप और पोकसो मामलों में दिलाई सजा

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/29 अप्रैल। यूटी चंडीगढ़ के पुलिस डीजीपी ने उत्कृष्ट पुलिस कार्य और गंभीर आपराधिक मामलों में प्रभावी जांच, खुलासा तथा अपराध नियंत्रण में उल्लेखनीय योगदान देने वाले 136 पुलिसकर्मियों को कमेंडेशन सर्टिफिकेट फर्स्ट क्लास (CC-1st) से सम्मानित किया। यह सम्मान उन पुलिसकर्मियों को दिया गया, जिन्होंने हत्या, एनडीपीएस एक्ट, दुष्कर्म और पोकसो जैसे संवेदनशील मामलों में आरोपियों को सजा दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इन मामलों में दोष सिद्ध



होने से न्याय व्यवस्था में जनता का भरोसा और मजबूत हुआ है।

पुलिस विभाग के अनुसार थाना मनीमाजरा के FIR नंबर 91/2023 (धारा 302 IPC) के हत्या मामले में आरोपी को आजीवन कारावास की सजा दिलाई गई।

# मेयर सौरभ जोशी ने 13.53 करोड़ की सीवर अपग्रेड परियोजना का किया शुभारंभ, मोहाली को मिलेगी बड़ी राहत



चंडीगढ़/यूटर्न/29 अप्रैल। शहर की शहरी आधारभूत संरचना और जनस्वास्थ्य को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए मेयर सौरभ जोशी ने 13.53 करोड़ रुपये की लागत से सीवर ट्रंक मेन के पुनर्वास और सुदृढ़ीकरण परियोजना का शुभारंभ किया। इस परियोजना से विशेष रूप से मोहाली के फेज-11 सहित आसपास के क्षेत्रों में लंबे समय से बनी सीवर ओवरफ्लो की समस्या से राहत मिलने की उम्मीद है।

यह उद्घाटन समारोह एसटीपी डिग्गियां में आयोजित किया गया, जहां नगर निगम के मुख्य अभियंता संजय अरोड़ा, अन्य वरिष्ठ अधिकारी और स्थानीय निवासी भी मौजूद रहे। मेयर सौरभ जोशी ने बताया कि चंडीगढ़झआईएसईआर रोड के साथ बनी मौजूदा सीवर लाइन समय के साथ पुरानी और कमजोर हो चुकी थी। भारी सिल्ट जमा होने के कारण विशेषकर मानसून के दौरान बार-बार सीवर ओवरफ्लो की समस्या उत्पन्न हो रही थी, जिससे जलभराव, दुर्गंध और स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां बढ़ रही थीं।

इन समस्याओं के समाधान के लिए नगर निगम चंडीगढ़ ने अमृत 2.0 प्रोत्साहन योजना के तहत यह परियोजना शुरू की है। लगभग 2,105 मीटर लंबाई में लाइट प्वाइंट फेज-11 से बेस्ट टेक मॉल होते हुए एसटीपी डिग्गियां तक यह कार्य किया जाएगा, जिसे छह माह में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। मेयर ने कहा कि इस परियोजना से रिहायशी इलाकों में सीवर बैकफ्लो रुकेगा, स्वच्छता में सुधार होगा और जलजनित बीमारियों का खतरा कम होगा। साथ ही मानसून के दौरान सीवेज का सुचारु प्रवाह सुनिश्चित किया जा सकेगा। इस परियोजना की सबसे खास बात यह है कि इसमें पहली बार चंडीगढ़ में अत्याधुनिक ट्रेंचलेस उक्ढढ (क्योर-इन-प्लेस पाइप) तकनीक का इस्तेमाल किया जा रहा है। इस आधुनिक तकनीक से सड़कों की खुदाई कम होगी, आमजन को कम परेशानी होगी और पाइपलाइन की आयु 50 वर्षों तक बढ़ेगी, साथ ही रखरखाव लागत भी घटेगी।

नगर निगम चंडीगढ़ ने कहा कि यह परियोजना नागरिक-केंद्रित विकास और टिकाऊ शहरी बुनियादी ढांचे की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे चंडीगढ़ के साथ-साथ मोहाली के लोगों को भी सीधा लाभ मिलेगा।

## राघव चड्ढा-संदीप पाठक पर भड़के संत सीचेवाल, बोले - जब पंजाब में ऐश की तब सभी ठीक थे, आज भ्रष्टाचार दिखने लगा

लुधियाना/यूटर्न/29 अप्रैल। पंजाब से 7 राज्यसभा सांसद आम आदमी पार्टी छोड़ भाजपा में शामिल हो गए। अब सिर्फ पर्यावरणविद संत बलबीर सिंह सीचेवाल ही बच गए। उनका कहना है कि ऑफर तो मुझे भी मिला लेकिन मैंने सिरे से नकार दिया। वह आप को करप्ट बता पार्टी छोड़ने वाले राघव चड्ढा पर खूब भड़के। सीचेवाल ने पूछा कि राघव चड्ढा बताएं कि चंडीगढ़ की 50 नंबर कोठी में क्या-क्या हुआ? वहां पर कितना भ्रष्टाचार हुआ? सीचेवाल यहीं नहीं रुके और उन्होंने कहा कि सभी आईएएस अफसरों का मुंह इसी कोठी की तरफ होता था। अफसरों की ट्रांसफर की पावर चड्ढा के हाथ में थी और अपॉइंटमेंट की जिम्मेदारी संदीप पाठक के पास थी। जब ये पार्टी में थे और पंजाब में मजे कर रहे थे तब इन्हें भ्रष्टाचार नहीं दिखा। पार्टी ने जब इन्हें पंजाब से निकाला तो इनको भ्रष्टाचार भी दिख गया और खामियां भी दिखने लगी।



## सब-तहसील में ड्यूटी कर रहे पटवारी की पिटाई, जमीन रिकॉर्ड एंट्री को लेकर हुआ था विवाद

पंजाब/यूटर्न/29 अप्रैल। नूरमहल सब-तहसील कार्यालय में ड्यूटी पर तैनात एक पटवारी के साथ मारपीट हुई। पुलिस ने आरोपी अमृतपाल सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। यह घटना उस समय हुई जब पटवारी गुरविंदर सिंह (सर्कल फरवाला) अपने कार्यालय में काम कर रहे थे। जानकारी के अनुसार, फरवाला थाना बिलगा निवासी अमृतपाल सिंह सब-तहसील कार्यालय पहुंचा और वर्ष 2000 के एक जमीन संबंधी फैसले की रिकॉर्ड में एंट्री करने की मांग करने लगा। इस पर पटवारी ने उसे पहले संबंधित फैसले को नायब तहसीलदार से अप्रूव करवाने के लिए कहा। इसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हो गई देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और हमला कर दिया। उसने गुरविंदर सिंह की बेरहमी से पिटाई की, जिससे वह मौके पर ही जमीन पर गिर गए। कार्यालय में मौजूद अन्य लोगों ने बीच-बचाव करने की कोशिश की, लेकिन आरोपी ने उनकी एक नहीं सुनी।



# जीरकपुर के बाल्टन चौकी में इंसाफ न मिलने से आहत महिला ने पुलिस चौकी के बाहर खुद को लगाई आग

- रेप FIR दर्ज न होने के आरोप, 70% झुलसी पीड़िता PGI में भर्ती
- डीसी ने दिए जांच के आदेश, लापरवाही साबित होने पर होगी सख्त कार्रवाई

जीरकपुर/यूटर्न/29 अप्रैल। रेप की शिकायत दर्ज कराने के लिए कई दिनों तक भटकने के बाद कथित तौर पर पुलिस की अनदेखी से परेशान एक महिला ने मंगलवार को जीरकपुर के बाल्टन चौकी पुलिस चौकी के बाहर खुद को आग लगा ली। गंभीर रूप से झुलसी महिला को पहले सेक्टर-32 स्थित गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से उसकी हालत नाजुक होने पर उसे PGI चंडीगढ़ रेफर कर दिया गया। बताया जा रहा है कि महिला करीब 70 फीसदी तक झुलस गई है और उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। पीड़िता के परिवार के अनुसार, वह पिछले कई दिनों से पुलिस चौकी के चक्कर काट रही थी, लेकिन उसकी रेप की शिकायत पर FIR दर्ज नहीं की जा रही थी। मंगलवार को भी वह अपने भाई के साथ पुलिस चौकी पहुंची, जहां आरोप है कि पुलिस कर्मियों ने उनकी बात सुनने के बजाय उन्हें डांटकर बाहर निकाल दिया। परिजनों का आरोप है कि इसके कुछ ही देर बाद महिला ने निराशा में पुलिस चौकी के बाहर खुद पर पेट्रोल डालकर आग लगा ली। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने उसे बचाने की कोशिश की और तुरंत अस्पताल पहुंचाया। महिला के भाई ने बताया कि उसकी बहन के साथ एक व्यक्ति ने दुष्कर्म किया था, लेकिन बार-बार शिकायत करने के बावजूद पुलिस कार्रवाई करने में टालमटोल करती रही। मंगलवार को भी पुलिस ने कथित तौर पर कहा कि आरोपी को बुलाया गया था, लेकिन वह नहीं आया।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma

तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार। Contact - +91 9814295372